जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 | वर्षः 50 | संख्याः 120 | प्रभात | कोटा, बुधवार 12 फरवरी, 2025 | कोटा/24/2012-14 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

# प्र.मंत्री मोदी ट्रम्प को क्या ''रिटर्न गिफ्ट'' देंगे?

## ट्रम्प ने ''मित्र'' मोदी को अमेरिका यात्रा के दो दिन पहले, अडानी ग्रुप के खिलाफ अमेरिका की सरकार के औपचारिक अभियोग पत्र क्रियान्वयन को स्थगित करवाने के आदेश दिये

- अपनी दो दिवसीय अमेरिका यात्रा में, ट्रम्प व मोदी, व्यापार व टैरिफ के बारे में गंभीर मंथन करेंगे। क्या मोदी को ट्रम्प के तोहफे के एवज़ में भारत की ओर से भारी ''रिर्टन गिफ्ट'' तो नहीं देना पड़ेगा? संसद के सत्र के दौरान विपक्ष, इस ''रिर्टन गिफ्ट'' के मामले को गौर से देख रहा है तथा थोड़ी भी भारी ''रिर्टन गिफ्ट'' दी गई तो मोदी पर भारी आक्रमण करने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा है।
- फॉरेन करप्ट प्रैक्टिस एक्ट, जो अमेरिका में 50 साल से लागू है, का मकसद था, अमेरिका की व विदेशी कम्पनियों को रिश्वत देकर, बिज़नैस प्राप्त करने से रोकना। ट्रम्प ने अपने एग्जीक्युटिव आदेश से इस एक्ट को 180 दिन में रिव्यु करके रिपोर्ट मांगी है तथा जब तक रिपोर्ट नहीं आती, इस एक्ट तहत दर्ज मामलों के क्रियान्वयन को स्थगित रखने के भी आदेश दिये हैं।
- लगभग आधा दर्जन अमेरिका के कांग्रेसमैन ने भी अमेरिका के नये एटॉर्नी जनरल को संयुक्त पत्र लिख कर, यह माँग की कि जब अडानी ग्रुप ने ''अपराध'' अमेरिका में नहीं किया और उनकी तथाकथित गैर-कानूनी गतिविधि से अमेरिका के हितों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ रहा था, तो पूर्व राष्ट्रपति बाइडन ने अमेरिका के पुराने मित्र ''भारत'' के प्रमुख उद्योगपति के खिलाफ औपचारिक अभियोग पत्र क्यों दाखिल किया। क्या बाइडन भारत-अमेरिका के बीच कटुता पैदा करना चाहते थे। इस दृष्टि से भी पूरी जाँच होनी चाहिए।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 फरवरी। अपने मित्र मोदी को खुश करने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक एग्ज़ीक्युटिव आदेश जारी किया है, जिसमें अडानी ग्रुप के खिलाफ रिश्वत की जाँच के लिए लगाए गए 50 साल पुराने कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की यात्रा पर बुधवार 12 फरवरी को वॉशिंगटन पहुंचेंगे और ट्रम्प का आदेश सोमवार को आया है।

ट्रम्प के आदेश पर कई सवाल उठने की संभावना है, क्योंकि मौजूदा बजट सत्र संसद के विपक्ष अवश्य ही इस मुद्दे को उठाएगा। अब देखना यह है कि इस आदेश के एवज में प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रम्प को क्या तोहफा दिया है। इस समय दोनों देशों के बीच ट्रेड और टैरिफ मुद्दे पर गंभीर चर्चा छिड़ी हुई है।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने अडानी समूह पर 1977 के कानून ''फॉरेन करप्ट प्रैक्टिस एक्ट'' लगाने पर रोक लगा दी है। यह एक्ट अमेरिकन कम्पनियों का दूसरे देशों में सरकारी मुलाजिमों को बिज़नैस प्राप्त करने के लिए रिश्वत देने से प्रतिबंधित करता है।

ट्रम्प ने अमेरिका की एटॉर्नी जनरल पैम वॉन्डी से कहा है कि एफ.सी.पी.ए. के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाए जो कि अमेरिका के कई हाई प्रोफाइल केसों का मूल बिंदु है, जिनमें भारतीय अरबपति और अडानी ग्रुप के मुखिया गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर के खिलाफ दर्ज केस भी शामिल है।

पिछले साल जब जो बाइडन अमेरिका के राष्ट्रपति थे, तब अमेरिकी न्याय विभाग ने अडानी पर आरोप लगाया था कि वे भारतीय अधिकारियों को सौर ऊर्जा अनुबंधों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले में 250 मिलियन डॉलर (लगभग 2,100 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने के षड्यंत्र में शामिल हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कोटाः एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 11 फरवरी (निसं)। कोटा में जिला सवाईमाधोपुर निवासी, नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने सुबह फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र दादाबाड़ी इलाके के प्रताप नगर इलाके में पीजी में रहता था। करीब डेढ़ महीने पहले उसने पीजी के पास ही किराए पर कमरा लिया था।

दादाबाड़ी थाना सीआई मांगेलाल यादव के अनुसार, सुबह नौ बजे छात्र के सुसाइड की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच में व्यक्तिगत कारणों से सुसाइड करना सामने आया है। थाना अधिकारी ने बताया कि छात्र कोटा के

- सवाई माधोपुर जिले का छात्र नीट की तैयारी कर रहा था और डेढ़ महीने पहले ही पी.जी. के पास कमरा लिया था।

एक कोचिंग सैंटर में नीट की तैयारी कर रहा था। मंगलवार सुबह उसने अपने पिता से मोबाइल पर बात की थी। उसके बाद उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। वह प्रताप नगर इलाके के मकान में 2 महीने पहले ही रहने आया था। उसकी मौसी का लड़का भी पड़ौस में रहता है। मौसी का लड़का जब उसके कमरे पर आया तब घटना का पता लगा। इसके बाद मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को कुछ वॉट्सऐप चैट मिली हैं जिसमें आत्महत्या के व्यक्तिगत कारण सामने आए हैं। सूचना पर मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया। शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवा दिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केजरीवाल पंजाब से राज्यसभा के सदस्य बनेंगे?

## पंजाब में फिलहाल सात राज्यसभा सदस्य हैं, किसी एक सदस्य का इस्तीफा दिलाकर केजरीवाल इस सदन का सदस्य बनना चाहते हैं, क्योंकि दिल्ली में विधायकों की कम संख्या होने से दिल्ली से राज्यसभा की सीट पाना संभव नहीं लगता

- राज्यसभा की सदस्यता भी एक कारण है, जिसकी वजह से केजरीवाल पंजाब के मु.मंत्री भगवंत सिंह मान को बदलने के पक्ष में नहीं हैं।
- जब तक मान पंजाब के मु.मंत्री हैं, केजरीवाल दिल्ली बैठकर पंजाब के ''सुपर चीफ मिनिस्टर'' का रोल अदा कर सकते हैं।
- इसीलिये उन्होंने अपने विश्वासी लोगों को पंजाब में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त करवाना शुरु कर दिया है। उदाहरण के लिये, विभव कुमार को पंजाब सरकार में सलाहकार पद पर नियुक्त किया गया है तथा ज़ैड क्लास सुरक्षा प्रदान की गई है।
- यह दूसरी बात है कि आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालिवाल, जिन्होंने विभव कुमार पर, उन्होंने केजरीवाल के निवास पर उनसे मारपीट का आरोप लगाया था, ने विभव कुमार की नियुक्ति पर कहा कि ''गुंडे'' को पंजाब भेजा गया है, जिससे वह वहाँ से पैसा लूट कर दिल्ली भेजे।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 फरवरी। आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली में हार के बाद, दो सवाल उठे हैंः पहला, अरविंद केजरीवाल अपने लिए किस तरह की भूमिका तय करेंगे? और दूसरा, क्या पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले बदल दिया जाएगा?

पहले सवाल के बारे मेंः अगर आप यह निर्णय लेती है कि मान को पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले बदला जाए, तो यह संभावना नहीं के बराबर है कि केजरीवाल उनकी जगह लेंगे। फिलहाल, केजरीवाल 'सुपर सीएम' की भूमिका में ज्यादा सहज हैं। केजरीवाल ने पहले से ही पंजाब सरकार में अपने वफादारों को नियुक्त करना शुरू कर दिया है, हाल ही में बिभव कुमार को सलाहकार के रूप में राज्य में नियुक्त किया गया है, जिन्हें ज़ैड प्लस सुरक्षा भी प्रदान की गई है। इस घटनाक्रम ने सांसद स्वाति मालीवाल को नाराज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि ''गुंडे'' को पंजाब भेजा गया है ताकि ''राज्य से पैसे लूटे जाएं और उन्हें दिल्ली भेजा जाए।'' उल्लेखनीय है कुमार पर स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया था कि कुमार ने उन्हें मुख्यमंत्री आवास में पीटा, कुमार इस पर जेल भी गए थे।

दिल्ली में आप की हार ने पंजाब में राजनीतिक तापमान को बढ़ा दिया है, और विपक्षी नेताओं ने आप सरकार को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आरपीएससी संवैधानिक आयोग है या गूंगी-बहरी संस्था'

## हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को बुधवार तीन बजे तक भर्ती रद्द करने से जुड़ी सभी पत्रावलियाँ पेश करने को कहा

- हाई कोर्ट ने आरपीएससी पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि आयोग के सदस्य पेपर लीक में शामिल रहे, इसके बावजूद आयोग ने चुप्पी साधे रखी।

जयपुर, 11 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुए एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में सुनवाई करते हुए आरपीएससी (राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन) की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की है। वीडियो कॉन्फ्रैंस (वी सी) के जरिए सुनवाई से जुड़े आयोग चेयरमैन से अदालत ने कहा कि आयोग के सदस्य पेपर लीक में शामिल रहे और एक सदस्य की तो दो भर्ती परीक्षा के पेपर लीक में भूमिका सामने आई, इसके बावजूद भी आयोग ने चुप्पी साधे रखी। यह संवैधानिक आयोग है या गूंगी-बहरी संस्था। इसके साथ ही अदालत ने मामले में ईडी को भी पक्षकार बना लिया है। अदालत ने मामले की सुनवाई बुधवार को तीन बजे तक की और राज्य सरकार को कहा है कि वे भर्ती रद्द करने से जुडी समस्त पत्रावलियां अदालत में पेश करे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान आरपीएससी चेयरमैन वीसी के जरिए और एसओजी के एडीजी वीके सिंह व्यक्तिशः पेश हुए। अदालत के पूछने पर वीके सिंह ने पेपर लीक को लेकर शुरू से लेकर अब तक हुए अनुसंधान की जानकारी की। इस दौरान आयोग के सदस्यों की भूमिका सामने आने पर अदालत ने आयोग चेयरमैन से सवाल-जवाब किए। अदालत ने चैयरमेन से पूछा कि उनकी ओर से मामले में एफआईआर दर्ज क्यों नहीं कराई गई। इस पर चैयरमेन ने कहा कि जब मामले का खुलासा हुआ तब तक आयोग सफल अभ्यर्थियों को लेकर अपनी सिफारिश राज्य सरकार को भेज चुका था। इसलिए उनके हाथ में कुछ नहीं था। इस पर अदालत ने कहा कि उनके दो सदस्यों के नाम पेपर लीक में आए हैं, लेकिन आयोग ने कुछ नहीं किया, आरपीएससी का कोई धणी-धोरी है या नहीं। इस दौरान अदालत ने वीके सिंह को कहा कि आयोग ऐसी संस्था है, जहां कुछ भी हो सकता है। इस पर सिंह ने कहा कि पहले ऐसा होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अदालत ने इस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब जो हो रहा है वह तीन-चार साल बाद सामने आएगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग से अश्लीलता करने वाले को 20 साल की सजा सुनाई

जयपुर, 11 फरवरी। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ अश्लीलता करने वाले अभियुक्त अजय कुमार को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी जगमोहन अग्रवाल ने कहा

- पीठासीन अधिकारी जगमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह गंभीर मामला है। अभियुक्त के प्रति सहानुभूति नहीं रखी जा सकती।

कि अभियुक्त ने नाबालिग के साथ गंभीर अपराध किया है। ऐसे में उसके प्रति सहानुभूति नहीं रखी जा सकती।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने बताया कि घटना को लेकर पीड़िता की मां ने 15 मई, 2022 को करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि उसकी नाबालिग बेटी को अभियुक्त ट्यूशन पढ़ ाता है। सुबह उसके काम पर जाने के बाद पीड़िता ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अब आप ''अपनी ठंडी कोल्ड ड्रिंक'' का ''प्लास्टिक स्ट्रॉ'' से पूर्ण आनन्द लें'

## ट्रम्प सदा से ''पेपर स्ट्रॉ'' के खिलाफ रहे हैं और नारा देते रहे हैं कि ''पेपर स्ट्रॉ'' बेहूदा तरीके से आपके मुँह में घुल जाती है

- अतः अब सोमवार को ''प्लास्टिक स्ट्रॉ'' के उपयोग को कानूनी तौर पर जायज़ करार करके ट्रम्प ने अपने ''एग्ज़ीक्युटिव ऑर्डर'' से सिंगल यूज़ ''प्लास्टिक'' के उपयोग को 2035 तक खत्म करने के अभियान को गहरा धक्का पहुँचा दिया है।
- प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, हर मिनट में एक ट्रक ''प्लास्टिक वेस्ट'' समुद्र में डाला जाता है तथा प्लास्टिक को पूर्णतया घुलने में 200 साल लगते हैं तथा वह समुद्र में ''माइक्रो प्लास्टिक'' में परिवर्तित होकर विद्यमान रहता है और अंततोगत्वा मछलियों, कछुओं व अन्य समुद्री वाइल्ड लाइफ के पेट में जाकर जम जाता है और मनुष्य की धमनियों व नसों में पहुँचता है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 फरवरी। पर्यावरण व्यवस्था को एक और बड़ा झटका देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अत्यधिक प्रदूषणकारी प्लास्टिक स्ट्रॉ से संबंधित एक सरकारी आदेश को पलटने वाले हैं। उनका कहना है कि कागज़ के स्ट्रॉ ''काम नहीं करते।''

ट्रम्प ने सोमवार को एक एग्ज़िक्युटिव ऑर्डर पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कहा, ''यह बड़ी हास्यास्पद स्थिति है। हम प्लास्टिक स्ट्रॉ का उपयोग वापस ला रहे हैं।''

5 जून 2018 को, विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत धूमधाम से घोषणा की थी कि भारत 2022 तक सिंगल यूज़ प्लास्टिक को समाप्त कर देगा, लेकिन 2025 तक भी इसका उपयोग हो रहा है, विक्रेता खुलेआम इसका उपयोग कर रहे हैं।

15 अगस्त 2019 को, स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को अपने संबोधन में, मोदी ने अपने संकल्प को दोहराया और नागरिकों से ''देश को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्त करने'' की अपील की।

कई अमेरिकी राज्यों और शहरों ने प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि, ये महासागरों और जलमार्गों को प्रदूषित करते हैं और समुद्री जीवन को नुकसान पहुंचाते हैं। कुछ रैस्त्रां अब ग्राहकों को ऑटोमौटिकली प्लास्टिक स्ट्रॉ नहीं देते। लेकिन प्लास्टिक स्ट्रॉ, समस्या का केवल एक छोटा हिस्सा हैं। सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बने खाद्य और पेय कंटेनरों से पर्यावरण भरा हुआ है – पानी की बोतलें, टेकआउट कंटेनर, कॉफी के ढक्कन, शॉपिंग बैग्स और भी बहुत कुछ।

विशेषज्ञों का कहना है कि दुनिया भर में हर मिनट एक कचरे के ट्रक के बराबर प्लास्टिक महासागर में प्रवेश कर रहा है, जिसमें प्लास्टिक बैग्स, टूथब्रश, बोतलें, खाद्य पैकेजिंग और अन्य सामग्री शामिल हैं। जैसे-जैसे इस सामग्री का पर्यावरण में विघटन होता है, वैसे-वैसे माइक्रोप्लास्टिक्स मछलियों, पक्षियों और अन्य जानवरों के पेटों में, साथ ही मानव रक्त और ऊतकों में पहुँचती हैं।

इसके अलावा प्लास्टिक उत्पादन से ग्रह को गर्म करने वाली ग्रीनहाउस गैसों और अन्य खतरनाक प्रदूषकों का उत्सर्जन होता है। नब्बे प्रतिशत से अधिक प्लास्टिक उत्पाद जीवाश्म ईंधनों, जैसे तेल और प्राकृतिक गैस से होता है, और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'ईवीएम का डेटा डिलीट नहीं करें'

नई दिल्ली, 11 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि चुनाव के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का डेटा डिलीट न किया जाए। शीर्ष कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनावों के बाद ईवीएम का डेटा कैसे सुरक्षित रखा जाता है और प्रक्रिया क्या होती है। कोर्ट ने आदेश दिया कि फिलहाल ईवीएम से कोई भी

- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह निर्देश भी दिया कि इन मशीनों में नया डेटा भी नहीं डाला जाए।

डेटा डिलीट न किया जाए और न ही इसमें कोई नया डेटा डाला जाए।

चीफ जस्टिस (सीजेआई) संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनावों के बाद ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर को बर्न करने की प्रक्रिया क्या है।सीजेआई ने कहा, इसमें किसी तरह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमेरिका के विदेशी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने के एक तरफा निर्णय के खिलाफ चीन ने डबल्यु.टी.ओ. के समक्ष न्याय की गुहार की!

## चीन के बाद हांगकांग ने भी अमेरिका के इस निर्णय के खिलाफ डब्ल्यु.टी.ओ. में शिकायत दर्ज की

- चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अन्तर्राष्ट्रीय समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने चीन के डब्ल्यु.टी.ओ. के विवाद निवारण तंत्र के समक्ष अपनी शिकायत पेश करने को, बहुत ही महत्वपूर्ण कदम बताया अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार व वाणिज्य की दृष्टि से।
- अखबार ने यह भी आशा जताई कि डब्ल्यु.टी.ओ. की सभी सदस्य देशों के विचार लेकर निर्णय लेने की प्रथा मजबूत रहे, विशेषकर, आज के माहौल में जबकि, राष्ट्रपति ट्रम्प एकतरफा निर्णय लेकर, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार व वाणिज्य के काम करने की परम्परा व प्रथा पर भारी आघात कर रहे हैं, जिससे इकॉनोमिक अस्थिरता बढ़ेगी।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली,11 फरवरी। अमेरिका की अधिक आक्रामक टैरिफ नीति के कारण, विश्व स्तर पर व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है, ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में निष्पक्षता और स्थिरता बनाए रखने में वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइज़ेशन (डब्ल्यू.टी.ओ.) की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।

कुछ दिन पहले ही चीन ने अमेरिकी शुल्क नीति के खिलाफ डब्ल्यू.टी.ओ. के विवाद निपटाने वाले तंत्र का इस्तेमाल करते हुए दस प्रतिशत शुल्क लगाने पर विरोध जताया था, इसके बाद हांगकांग ने घोषणा की कि वह अमेरिकी निर्णय के खिलाफ डब्ल्यू.टी.ओ. में औपचारिक शिकायत दर्ज करेगा। अमेरिका ने हांगकांग निर्मित उत्पादों पर भी अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाया गया है।

डब्ल्यू.टी.ओ. लम्बे समय से वैश्विक व्यापार व्यवस्था का आधार रहा है और बढ़ती संरक्षणवादी नीतियों और एकतरफा कदमों से इस वातावरण में डब्ल्यू.टी.ओ. की सत्ता को कायम रखना महत्वपूर्ण है।

विश्लेषकों का कहना है कि डब्ल्यू.टी.ओ. के जरिए समाधान की मांग करते हुए, चीन संकेत देता है कि वह बहुपक्षीय व्यापार मानदंडों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, भले ही उसे अमेरिका की बढ़ती संरक्षणवादी नीतियों का सामना करना पड़े। ये कदम वॉशिंगटन के एक पक्षवाद के रुझान का प्रतिकार करते हैं और वैश्विक व्यापार व्यवस्था में निष्पक्षता और नियम आधारित सिद्धांतों के लिए चीन की भूमिका को मजबूत करते हैं। डब्ल्यू.टी.ओ. विश्वव्यापी व्यापार प्रणाली की नींव के रूप में पहचाना जाता है। विवादों को हल करने और व्यापार में स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चीन द्वारा अमेरिकी शुल्क नीतियों को चुनौती देने के लिए इसका इस्तेमाल करना इस संगठन की प्रासंगिकता को दर्शाता है, भले ही वर्तमान में चुनौतियाँ क्यों न मौजूद हों। अपने खुद के व्यापार हितों की रक्षा करने के अलावा, चीन की शिकायत बहुपक्षीयता (मल्टीलैट्रलिज़्म) के लिए उसके समर्थन की फिर से पुष्टि करती है और डब्ल्यू.टी.ओ. द्वारा प्रस्तुत पारदर्शिता, निष्पक्षता और नियम पालन के सिद्धांतों की रक्षा की आवश्यकता को उजागर करती है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के शासन में अपनाई गई आक्रामक शुल्क नीति पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारी प्रतिक्रियाएँ व्यक्त की गईं। ट्रंप ने हाल ही में कई देशों पर पारस्परिक शुल्क लागू करने की योजना की घोषणा की है, विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि इससे वैश्विक व्यापार प्रणाली को भारी झटका लग सकता है। यदि यह नीति लागू होती है, तो यह संरक्षणवाद को बढ़ावा दे सकती है, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकती है और इसके वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालिक परिणाम पड़ सकते हैं।

ग्लोबल टाइम्स के एक लेख में कहा गया है कि डब्ल्यू.टी.ओ. के प्राधिकरण की रक्षा करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके सदस्य देशों के बीच बातचीत कर बताए गए व्यापार नियम का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था की नींव

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बस कंडक्टर के परिवाद पर पूर्व आईएएस के खिलाफ एफआईआर के निर्देश

जयपुर, 11 फरवरी।जयपुर मेट्रो-द्वितीय की न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पूर्व आईएएस व बस कंडक्टर के बीच किराए को लेकर हुए विवाद व मारपीट से जुड़े आरोप मामले में पूर्व आईएएस रामधन मीणा के खिलाफ कानोता थाना पुलिस को राजकार्य में बाधा डालने

- न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कंडक्टर व पूर्व आईएएस के बीच किराये को लेकर हुए विवाद व मारपीट के मामले में ये निर्देश दिये।

सहित अन्य आरोप में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह आदेश बस कंडक्टर घनश्याम शर्मा के परिवाद पर दिया।

मामले से जुड़े अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि परिवादी जेसीटीएसएल बस में कंडक्टर के पद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**भूख प्यास से जितने लोगों की मृत्यु होती है उससे कहीं अधिक लोगों की मृत्यु ज़्यादा खाने और ज़्यादा पीने से होती है। –कहावत**

# अमीरों के खर्च बढ़े, मगर निम्न मध्यम वर्ग पिसा

खबर है कि भारत के 10 करोड़ सबसे अमीर लोग शादियों, गहनों और सबसे महंगी श्रेणी के अपार्टमेंट पर खूब खर्च कर रहे हैं, वहीं 40 करोड़ से अधिक निम्न मध्यमवर्गीय देशवासी रसोई तथा दैनंदिनी सामान की खरीद में कटौती कर रहे हैं। पिछली तिमाही में जवाहरात बेचने वाली कंपनियों की आमदनी में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इसी प्रकार एसयूवी (स्पोर्ट यूटिलिटी वाहन) कार बनाने वाली कंपनियों ने अपनी बिक्री में दिसंबर में 16 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित की। लेकिन आम आदमी की जरूरतों को पूरा करने वाली उपभोक्ता कंपनियों के नवीनतम व्यवसाय अपडेट संकेत देते हैं कि वे अपने सकल मार्जिन में संकुचन और परिचालन लाभ में मामूली से सपाट वृद्धि ही पा रही हैं। बाजार अनुसंधान करने वाले विशेषज्ञ कहते हैं कि यह एक 'बाइ पोलारिटी' है, जहां बाजार का प्रीमियम सिरा तो आगे बढ़ रहा है, जबकि निम्न मध्य वर्ग को पूर्ति करने वाला सिरा सिकुड़ रहा है। इन विशेषज्ञों को मध्यम आकार के शहरों में मंदी दिख रही है। वे बताते हैं कि मध्यम आकार के सामान की बिक्री अच्छी नहीं है। इसके अलावा मध्यम श्रेणी की उपभोक्ता वस्तुओं में भी वृद्धि नहीं हो रही है। उपभोग भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 60 प्रतिशत माना जाता है और उसमें सामने आ रहे अलग-अलग रुझानों पर अर्थशास्त्रियों तथा समाजशास्त्रियों की नज़र है। उनको लग रहा है कि धीमी वेतन वृद्धि और उच्च मुद्रास्फीति अर्थात महंगाई के कारण कम आय वाले लोगों पर वित्तीय दबाव पड़ा है, जिससे वे खरीदारी छोड़ रहे हैं या कम कर रहे हैं, जबकि अमीर जमकर खर्च कर रहे हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने अपने बजट में खपत को बढ़ाने को ध्यान में रख कर प्रावधान किये गये हैं, मगर इनमें अधिकतर उच्च मध्यम श्रेणी के लोगों के जेब में अधिक पैसा डालते हैं। भारत की खपत की कहानी हमेशा से ही आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण चालक रही है। बाज़ार आधारित अर्थव्यवस्था के पैरोकारों को बढ़ते मध्यम वर्ग, बढ़ते शहरीकरण और विभिन्न श्रेणियों में खर्च करने की बढ़ती इच्छा के कारण खपत-आधारित विकास की संभावना बहुत अधिक नज़र आती है। उन्हें यह संभावना उपभोक्ता फर्मों के सार्वजनिक और निजी बाजार मूल्यांकन में भी नज़र आती है। हालांकि, खर्च लायक सीमित आय, मुद्रास्फीति, तनावपूर्ण बुनियादी ढांचे और पारिस्थितिकी तंत्र सहित कई चुनौतियां उन्हें उपभोक्ता खर्च को बाधित करती भी दिखती हैं जो उनके अनुसार खपत को प्रभावित करती हैं। इसीलिए समाज के व्यापक वर्गों-निम्न मध्यम वर्ग को सेवा देने वाली कंपनियां शायद सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं।

बताते हैं भारत का उपभोक्ता बाजार 2030 तक 46 प्रतिशत बढ़ने की राह पर है, जिससे यह वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। बढ़ती आय, युवा कार्यबल और तेजी से शहरीकरण से देश भर में खपत में वृद्धि होने की उम्मीद है। अनुमानों के अनुसार, भारत में उपभोक्ता खर्च 2030 तक 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाएगा, जो 2024 में 2.4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर था। यह वृद्धि मुख्य रूप से भारत की मध्यम और उच्च-मध्यम आय वाली आबादी के विस्तार से ही प्रेरित है, जिससे उनकी क्रय शक्ति और विवेकाधीन खर्च में वृद्धि हो रही है। श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो 2018 में 23 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 42 प्रतिशत हो गई है। इससे उच्च माध्यम वर्ग बढ़ रहा है। दोहरी आय वाले परिवारों को यह वृद्धि उनकी नई जीवनशैली और प्रीमियम उत्पादों पर अधिक खर्च की ओर ले जा रही है। इसे भारत की उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का मजबूत होना माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त, देश में खपत में दो बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। ये बदलाव है उपभोक्ताओं का बिना ब्रांड वाले से ब्रांडेड उत्पादों की ओर झुकाव तथा असंगठित खुदरा व्यापार पर संगठित खुदरा व्यापार का हावी होना। इन बदलावों से आने वाले वर्षों में 600 बिलियन अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त उपभोक्ता खर्च होने की बाज़ार के विश्लेषकों को यकीन है। इसके अतिरिक्त, आसान ऋण उपलब्धता उपभोक्ताओं के लिए विलासिता की वस्तुओं पर खर्च करना आसान बना रही है। यही कारण है कि प्रीमियमाइजेशन अर्थात उच्च-स्तरीय और ब्रांडेड उत्पादों की मांग बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लंबे समय बाद रेपोरेट को घटा कर ब्याज दरों को कम करना भी खपत को बढ़ावा देने वाला कदम ही है। मगर इस सारे माहौल में निम्न और निम्न मध्यम वर्ग की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता है। नीति निर्माता यह मान बैठे हैं कि उच्च और उच्च माध्यम वर्ग जब खर्च करेगा तो उससे बाज़ार गुलज़ार होगा जिससे निचले लोगों के हाथों को काम मिलेगा। किन्तु निम्न वर्ग के लिये गुणवत्ता वाली प्राथमिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण तथा स्वास्थ्य पर जरूरी निवेश नहीं किया जा रहा है। सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य को अधिकतर निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ दिया है। अनेक योजनाओं के नाम पर गरीबों को मुफ़्त राशन तथा मामूली वित्तीय सहायता देकर सरकार मान चली है कि उसने गरीबों की मदद कर दी है। इससे अर्थ व्यवस्था तो ऊंची उठ रही है मगर गरीब के विकास के गति उससे मेल नहीं खा रही है। रिजर्व बैंक ने अपनी नवीनतम वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा है कि लगभग 50,000 रुपये का व्यक्तिगत ऋण लेने वाले 11 प्रतिशत उधारकर्ता समय पर पुनर्भुगतान करने में विफल रहे और 60 प्रतिशत से अधिक ने 2024 की शुरुआत से तीन से अधिक ऋण लिए थे। आर्थिक आंकड़ों का विश्लेषण करने वाले कहते हैं कि यह कंपनियों के लिए भी यह चिंता का विषय है क्योंकि मध्यम खंड जो मात्रा और मूल्य दोनों विकास को चलाता है, वह खर्च नहीं कर रहा है। वे कहते हैं कि कि प्रीमियम खंड, जो जनसंख्या का 5 से 10 प्रतिशत है, इन कंपनियों को वह विकास नहीं दे सकता है जिसकी उन्हें जरूरत हैं।

> **भले ही भारत का उपभोक्ता बाजार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बनने की उम्मीद रखता है मगर आर्थिक असमानता स्वाभाविक ही अशान्ति पैदा करती है। विशेषज्ञ कहते हैं कि आर्थिक दबाव और खराब हो सकते हैं। कोरोना महामारी के बाद से देश में खपत में यह असमानता अधिक उजागर हो रही है। सीधे शब्दों में कहें तो जहा एक तरफ अमीर खूब खर्च कर रहे हैं वहीं गरीब को पेट पर पट्टी बांधने को मजबूर होना पड़ रहा है।**

पिछले कुछ वर्षों में भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों पर उपभोक्ता व्यय में गिरावट देखी गई है। अनाज जैसी बुनियादी वस्तुओं में भारी गिरावट देखी गई है। ग्रामीण भारत में, एमपीसीई के प्रतिशत के रूप में अनाज पर व्यय 1999-2000 के 22.16 प्रतिशत से घटकर 2022-23 के दौरान 4.89 प्रतिशत रह गया। इसी तरह, शहरी भारत में, यह 1999-2000 के एमपीसीई के 12.35 प्रतिशत से घटकर 2022-23 के दौरान 3.6 प्रतिशत हो गया। इसके विपरीत, ग्रामीण और शहरी भारत दोनों में पिछले कुछ दशकों में गैर-खाद्य व्यय में लगातार वृद्धि हुई है। ग्रामीण भारत में, उपभोक्ता सेवाओं और टिकाऊ वस्तुओं जैसी गैर-खाद्य वस्तुओं की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उपभोक्ता सेवाओं पर व्यय 1999-2000 के 2.98 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 के दौरान 5.08 प्रतिशत हो गया, जबकि टिकाऊ वस्तुओं पर खर्च 1999-2000 के 2.62 प्रतिशत से तीन गुना बढ़कर 2022-23 के दौरान 6.89 प्रतिशत हो गया। यह उछाल ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च के पैटर्न में आ रहे बदलाव को उजागर करता है, जहां उपभोक्ता गैर-ज़रूरी वस्तुओं पर अधिक खर्च कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, सांख्यिकी मंत्रालय के 2022-23 के नवीनतम सर्वेक्षण में मासिक खपत में भोजन की हिस्सेदारी घटकर 46.4 प्रतिशत हो गई, जो 2011-12 में 53 प्रतिशत थी। इसके विपरीत, गैर-खाद्य खपत 2011-12 के 47 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 के दौरान 53.6 प्रतिशत हो गई। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में खाद्य व्यय का हिस्सा 42.6 प्रतिशत से घटकर 39.2 प्रतिशत हो गया, जबकि गैर-खाद्य व्यय का हिस्सा 57.4 प्रतिशत से बढ़कर 60.8 प्रतिशत हो गया।

भारतीय उपभोक्ता बास्केट को देखते हुए देश की सामाजिक-आर्थिक विविधता को ध्यान में रखना जरूरी है। भारत के लोगों की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में सबसे नीचे के वर्ग के लोगों को शामिल किये बिना देश की अर्थव्यवस्था का ऊंचे चढ़ना कोई अर्थ नहीं रखता। भले ही भारत का उपभोक्ता बाजार दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बनने की उम्मीद रखता है मगर यह बाज़ार ऊपर के तबके का हो कर न रह जाए यह सभी की चिंता होनी चाहिए। आर्थिक असमानता स्वाभाविक ही अशान्ति पैदा करती है। विशेषज्ञ कहते हैं कि आर्थिक दबाव और खराब हो सकते हैं। कोरोना महामारी के बाद से देश में खपत में यह असमानता अधिक उजागर हो रही है। सीधे शब्दों में कहें तो जहा एक तरफ अमीर खूब खर्च कर रहे हैं वहीं गरीब को पेट पर पट्टी बांधने को मजबूर होना पड़ रहा है। खबरों के अनुसार विश्व बैंक ने दक्षिण एशिया में 2025-26 में विकास दर 6.2 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना जताई है, जिसमें भारत की स्थिर विकास दर प्रमुख भूमिका निभाएगी। विश्व बैंक ने अपने नवीनतम विकास दर अनुमानों में कहाहै कि "भारत में विकास दर अगले दो वित्तीय वर्षों के लिए 6.7 प्रतिशत प्रति वर्ष स्थिर रहने का अनुमान है, जो अप्रैल 2025 से शुरू हो रहा हैं।" विश्व बैंक को सेवा क्षेत्र में लगातार विस्तार की संभावना नज़र आती है। उसे विनिर्माण गतिविधियां भी मजबूत होने का भरोसा है। ये सारी परिस्थितियां गरीब को परेशान करने वाली है। यदि नीति निर्माता केवल अर्थव्यवस्था के ग्राफ को देख कर ही संतुष्ट होकर अपनी पीठ ठोंकते रहेगे तो यह आर्थिक असमानता देश में सामाजिक बेचैनी का सबब भी बन सकती है। नए केन्द्रीय बजट में सरकार की पहलें उच्च और उच्च मध्यम वर्ग को तो लुभाएगी लेकिन नीचे के तबके की आस कितना पूरा कर पाएगी इसे देखना होगा।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# उच्च शिक्षा में समान पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के विरुद्ध है



अशोक कुमार

शिक्षा एक मौलिक मानव अधिकार है, आर्थिक और सामाजिक प्रगति का एक प्रमुख चालक है। शिक्षा के महत्व को स्वीकार करते हुए, भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 पेश की, जो देश में शिक्षा के विकास के लिए एक व्यापक रूपरेखा है। NEP 2020 का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को अधिक समावेशी, समग्र और लचीला बनाकर बदलना है। NEP 2020 का उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देकर, नए बहु-विषयक संस्थानों की स्थापना करके और उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (GER) को बढ़ाकर देश में उच्च शिक्षा को बदलना है। रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए, संस्थानों और संकाय के पास उच्च शिक्षा योग्यता के व्यापक ढांचे के भीतर पाठ्यक्रम, शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन के मामलों में नवाचार करने की स्वायत्तता होगी जो संस्थानों और कार्यक्रमों में और ओडीएल, ऑनलाइन और पारंपरिक ;में स्थिरता सुनिश्चित करती है।

तदनुसार, सभी छात्रों के लिए एक उत्तेजक और आकर्षक सीखने का अनुभव सुनिश्चित करने के लिए संस्थानों और प्रेरित संकाय द्वारा पाठ्यक्रम और शिक्षाशास्त्र तैयार किया जाएगा, और प्रत्येक कार्यक्रम के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर रचनात्मक मूल्यांकन का उपयोग किया जाएगा। सभी मूल्यांकन प्रणालियां भी HEI (Higher Education Institutes) द्वारा तय की जाएंगी, जिनमें वे भी शामिल हैं जो अंतिम प्रमाणन की ओर ले जाती हैं। चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) को नवाचार और लचीलेपन को बढ़ाने के लिए संशोधित किया जाएगा। उच्च शिक्षा संस्थान एक मानदंड-आधारित ग्रेडिंग प्रणाली की ओर बढ़ेंगे जो प्रत्येक कार्यक्रम के लिए सीखने के लक्ष्यों के आधार पर छात्र की उपलब्धि का आकलन करती है, जिससे प्रणाली को निष्पक्ष और परिणामों को अधिक तुलनीय बनाया जा सके। उच्चतर शिक्षा संस्थानों को उच्च-दांव वाली परीक्षाओं से अधिक सतत और व्यापक मूल्यांकन की ओर भी जाना चाहिए।

उच्च शिक्षा में स्वायत्तता को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा शैक्षणिक मानकों और उत्कृष्टता में सुधार के संबंध में शैक्षणिक विकास की दिशा में अधिक लचीलापन देने के लिए विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों को दी गई एक कार्यात्मक स्थिति के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। एक स्वायत्त कॉलेज को अपने लिए और स्वशासन के लिए एक आदर्श बनने की स्वतंत्रता दी जाती है। विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों की स्वायत्तता, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों को मान्यता के साथ बेहतर ढंग से काम करने के लिए अधिक शैक्षिणक और परिचालन स्वतंत्रता प्रदान करके संबद्ध विश्वविद्यालय की ओर से डिग्री प्रदान करने में सक्षम बनाती है। स्वायत्त कॉलेजों के लिए यूजीसी दिशानिर्देश (2018) स्वायत्त कॉलेजों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संकेत देते हैं कि स्नातक शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का एकमात्र सुरक्षित और बेहतर तरीका अधिकांश कॉलेजों को संबद्ध प्रणाली से अलग करना है। इसके अलावा, यह कहा गया है कि शैक्षणिक और संचालन स्वतंत्रता वाले कॉलेज बेहतर कर रहे हैं और उनकी विश्वसनीयता अधिक है और ऐसे कॉलेजों को वित्तीय सहायता स्वायत्तता की अवधारणा को बढ़ावा देती है।

सामान्य उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए उच्च शिक्षा में एक सामान्य पाठ्यक्रम का विचार कुछ राज्यों में दिया गया है। यह विचार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के खिलाफ है। शिक्षा की गुणवत्ता की अपर्याप्तता के मुद्दे पर गहन मूल्यांकन की आवश्यकता है। यद्यपि पाठ्यक्रम शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए रूपरेखा तैयार करता है, गुणवत्ता मुख्य रूप से अधिक सीखने के लिए शिक्षण-सीखने की प्रक्रियाओं की प्रभावकारिता द्वारा तय की जाती है। संस्थागत नेतृत्व, शिक्षकों और कर्मचारियों की दृष्टि, क्षमता और प्रतिबद्धता उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समान पाठ्यक्रम रखने की लफ्फाजी अंततः कुछ उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा विशिष्टता प्राप्त करने की संभावना को कम कर देगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल उद्देश्य सामान्य सिलेबस को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। खंड (11.6)। ईं 2020 नीति में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बड़े बहु-विषयक विश्वविद्यालय और कॉलेज उच्च-गुणवत्ता वाली समग्र और बहु-विषयक शिक्षा की ओर बढ़ने में मदद करेंगे। किसी विषय या विषयों में कठोर विशेषज्ञता के अलावा पाठ्यक्रम में लचीलापन और नए और आकर्षक पाठ्यक्रम विकल्प छात्रों को प्रदान किए जाएंगे। पाठ्यक्रम की स्थापना में संकाय और संस्थागत स्वायत्तता में वृद्धि से इसे प्रोत्साहित किया जाएगा। अध्यापन में संचार, चर्चा, बहस, अनुसंधान और क्रॉस-डिसिप्लिनरी और अंतःविषय सोच के अवसरों पर अधिक जोर दिया जाएगा। आगे राष्ट्रीय शिक्षा नीति खंड (12.2) पढ़ता है ;रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए, संस्थानों और संकाय के पास पाठ्यक्रम, शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन के मामलों में नवाचार करने की स्वायत्तता होगी ...तदनुसार, पाठ्यक्रम और शिक्षाशास्त्र संस्थानों द्वारा डिजाइन किए जाएंगे और प्रेरित संकाय सभी छात्रों के लिए सीखने का अनुभव सुनिश्चित करना और उत्तेजक और आकर्षक बनाना।

सामान्य रूप से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए उच्च शिक्षा में एक सामान्य पाठ्यक्रम का विचार कुछ राज्यों में दिया गया है। शिक्षा की गुणवत्ता की अपर्याप्तता के मुद्दे पर गहन मूल्यांकन की आवश्यकता है। यद्यपि पाठ्यक्रम, शिक्षण-सीखने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए रूपरेखा तैयार करता है, गुणवत्ता मुख्य रूप से शिक्षण-सीखने की प्रक्रियाओं की प्रभावकारिता द्वारा तय की जाती है। संस्थागत नेतृत्व, शिक्षकों और कर्मचारियों की दृष्टि, क्षमता और प्रतिबद्धता उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समान पाठ्यक्रम रखने की लफ्फाजी अंततः कुछ उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा विशिष्टता प्राप्त करने की संभावना को कम कर देगी।

विश्वविद्यालयों में समान पाठ्यक्रम होने के बारे में क्या होना चाहिए यह एक व्यापक विषय है! इस विषय पर विचारों में भिन्नता हो सकती है। अतः इस महत्वपूर्ण विषय पर विचारधारा और प्राथमिकताएं पर गंभीरता से विमर्श होना चाहिए। समान पाठ्यक्रम के पक्षधरों का कहना है कि यह मानकीकरण और विश्वस्तरीकरण को प्रोत्साहित करेगा और छात्रों को एक ही सेट के ज्ञान और कौशलों के साथ परिचित कराएगा। इससे सभी छात्रों को समानता की भावना और सामान्य ज्ञान की एक साझी आधारभूत ज्ञान की दृष्टि मिल सकती है। यह उन क्षेत्रों के छात्रों के लिए भी लाभदायक होगा जो बच्चे पर्याप्त संसाधनों के अभाव में हैं और जिनके पास अच्छी शिक्षा के लिए पहुंच नहीं है। समान पाठ्यक्रम का होना विश्वविद्यालयों के बीच सामंजस्य बनाता है और छात्रों को एक समान स्तर पर पढ़ाई करने का मौका देता है। इससे छात्रों की योग्यता और ज्ञान की दृष्टि से एक समान आकलन होता है। एक समान पाठ्यक्रम उन छात्रों के तनाव को कम करने में मदद करेगा जिनके माता-पिता के पास स्थानांतरणीय नौकरियां हैं कि छात्र जहां भी जाते हैं उन्हीं पुस्तकों का उपयोग कर सकते हैं, इससे आगे किसी भी खरीद की लागत को कम करने में मदद मिलेगी। इससे छात्रों के दिमाग पर बोझ भी कम होता क्योंकि वे हर जगह एक ही पाठ्यक्रम का पालन कर सकते थे, एक समान सेवा नए पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रम के साथ समायोजित करने में मदद करती है, जो कि नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम एक बहुत ही कीमती वर्ष का नुकसान हो सकता है।

विपक्षी तत्त्वों का कहना है कि समान पाठ्यक्रम नवाचार और रचनात्मकता को दबा सकता है और एकल अधिकारियों को अपनी विशेषताओं और विषयों पर विशेष प्रोग्राम विकसित करने की क्षमता सीमित कर सकता है। समान पाठ्यक्रम से छात्रों के अंदर नये और आविष्कारी विचार पैदा नहीं होते हैं और छात्रों के साथ उनकी आस्था और संस्कृति के अनुरूप पाठ्यक्रम को न बताया जाना सही नहीं होता है। इसके अलावा, देश में विविधता के कारण अलग-अलग राज्यों में भी अलग-अलग संस्थान होते हैं जो अपने-अपने विशिष्ट रूप से छात्रों को ज्ञान प्रदान करते हैं।

उच्च शिक्षा विशेष ज्ञान का प्रसार करने के बारे में है। मान्यता के लिए प्रत्येक संस्थान को अपना विशिष्ट डोमेन विकसित करना चाहिए। संस्थानों में एक सामान्य पाठ्यक्रम ज्ञान के ऐसे विशेष केंद्रों की भावना के खिलाफ है। दूसरे, संस्थानों में एक सामान्य पाठ्यक्रम विशेष रूप से भारत जैसे देश में स्थानीय और क्षेत्रीय चिंताओं को मिटाने की संभावना है। विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान और मानविकी में उस क्षेत्र के छात्रों के दिमाग को पूरा करने के लिए ज्ञान प्रसार में क्षेत्रीय विविधताओं पर जोर होना चाहिए। सामान्य पाठ्यक्रम ऐसा करने में विफल रहता है। एक सामान्य पाठ्यक्रम न केवल क्षेत्रीय रूप से बल्कि समुदाय, धर्म, जाति, लिंग आदि के संदर्भ में विविध हितधारकों से इनपुट लेने में विफल रहता है। उदाहरण के लिए यूपी के एक विश्वविद्यालय से भारतीय साहित्य का पेपर महाराष्ट्र के एक विश्वविद्यालय से अलग होगा। या तमिलनाडु का इतिहास का पाठ्यक्रम असम के किसी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम से भिन्न होगा। पूरे राष्ट्रीय स्तर पर सभी छात्रों को पढ़ाने के लिए एक ही पाठ्यक्रम अलग-अलग होना चाहिए !

समान पाठ्यक्रम से छात्रों के अंदर नये और आविष्कारी विचार पैदा नहीं होते हैं और छात्रों के साथ उनकी आस्था और संस्कृति के अनुरूप पाठ्यक्रम को न बताया जाना सही नहीं होता है। इसके अलावा, देश में विविधता के कारण अलग-अलग राज्यों में भी अलग-अलग संस्थान होते हैं जो अपने-अपने विशिष्ट रूप से छात्रों को ज्ञान प्रदान करते हैं। जब तक पाठ्यक्रमों में विविधता नहीं होगी तब तक नये विषयों का सृजन नहीं होगा। जब तक सभी विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों में समान बुनियादी ढाँचे- शिक्षक, प्रयोगशाला, विषय से सम्बन्धित उपकरण, पुस्तकालय आदि उपलब्ध नहीं होंगे तब तक समान पाठ्यक्रम लागू करना घातक भी हो सकता है। महाविद्यालयों में यह होना सम्भव नहीं लगता। मुख्यता उच्च शिक्षा में एक सामान्य पाठ्यक्रम का विचार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के विरुद्ध है।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर**

# 300 से अधिक प्रिंसिपल पदोन्नत होकर बनेंगे डीईओ

## बोर्ड परीक्षा से पहले पदस्थापन की उम्मीद, इनमें से 50 रिटायर भी हो चुके हैं

**बीकानेर,** (निसं)। राज्य सरकार ने 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पहले जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के रिक्त पदों को भरने की तैयारी कर ली है। डीईओ पदों की डीपीसी होगी। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर में प्रो. अय्यूब खान की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की नियमित के साथ 2022-23 में डेफर रखे गए प्रकरणों पर मंथन होगा। इस बकाया डीपीसी में लगभग 300 प्रिंसिपल के डीईओ पदों पर चयनित होने की संभावना है।

- **राज्य में जिला शिक्षा अधिकारियों के 250 से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं**

जानकारी के अनुसार राज्य में जिला शिक्षा अधिकारियों के 250 से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। उधर, 6 मार्च से 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू होने वाली है।

बीकानेर में वर्तमान में डीईओ माध्यमिक एवं प्रारंभिक दोनों पद रिक्त चल रहे हैं। चयन वर्ष 2022-23 की डीपीसी के बाद रामगोपाल मीणा बीकानेर डीईओ एलीमेंट्री के पद पर लगाया गया था, लेकिन मीणा की ओर से पदोन्नति का त्याग करने के कारण यह पद रिक्त हैं।

वहीं डीईओ माध्यमिक का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे एडीपीसी समग्र शिक्षा गजानन सेवग भी पिछले महीने सेवानिवृत्त हो चुके हैं। डीईओ पदों पर पदोन्नति के बाद राज्य में डीईओ के लगभग 250 पद भरने की संभावना है। दरअसल, डीपीसी में 300 प्रिंसिपल के चयनित होने की उम्मीद है, लेकिन लगभग 50-60 प्रिंसिपल वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। ऐसे में कुल मिलाकर 250 पद ही भरे जा सकेंगे।

# पदोन्नत प्रिंसिपल की काउंसलिंग स्थगित

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेशभर के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को फिलहाल प्रिंसिपल नहीं मिल पाएंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में पूर्व में जारी आदेश को वापस लेते हुए इस प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया है। अब इसी महीने में नई तारीख जारी हो सकती है।

जानकारी के अनुसार राज्यभर में प्रिंसिपल काउंसलिंग के लिए तैयारी चल रही थी। उम्मीद की जा रही थी कि नई स्कूलों में बोर्ड एग्जाम से पहले ही प्रिंसिपल पहुंच जाएंगे। शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिए कार्यक्रम भी जारी कर दिया था। एक दिन पहले ही सिनियोरिटी की स्थायी लिस्ट भी जारी कर दी, लेकिन अचानक इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। निदेशालय से जारी आदेश में कहा गया है कि अपरिहार्य कारणों से ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यक्रम स्थगित किया गया है। उम्मीद की जा

- **प्रदेशभर के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को फिलहाल नहीं मिल पाएंगे प्रिंसिपल**

रही है कि कुछ दिन बाद ही नया कार्यक्रम जारी होगा। शिक्षा निदेशालय ने काउंसिलिंग के लिए पूरी तैयारी कर ली थी लेकिन जयपुर से ही काउंसिलिंग स्थगित करने के आदेश आ गए, जिसके बाद इसे टाल दिया गया। दरअसल, राज्य के चार हजार से ज्यादा स्कूलों को प्रिंसिपल इस काउंसिलिंग के बाद मिलने वाले हैं। काउंसिलिंग के लिए स्कूलों को ऑनलाइन ओपन करना होता है। इसके बाद ही प्रमोटेड टीचर्स उसने में विकल्प भर सकते हैं। माना जा रहा है कि स्कूल ओपन करने के मामले में ही सहमति नहीं बनने के कारण इसे टाल दिया गया।

# जेईई-मेन जनवरी सेशन का रिजल्ट जारी

## राजस्थान से सर्वाधिक पांच स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोर मिला

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी सेशन का परिणाम जारी कर दिया है। कुल 10 शिफ्टों में हुई परीक्षा में 14 स्टूडेंट्स ने 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किया है, जिसमें राजस्थान के सर्वाधिक 5 विद्यार्थी, दिल्ली के 2, उत्तर प्रदेश के 2, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक एवं तेलंगाना के 1-1 विद्यार्थी शामिल हैं। इस वर्ष राजस्थान से सर्वाधिक विद्यार्थियों का 100 एनटीए स्कोर बना है। जारी किए रिजल्ट में 44 स्टेट टॉपर्स की सूची भी जारी की गई है। इस बार जारी किए परिणामों में विद्यार्थियों को अपने एप्लीकेशन नम्बर एवं आवेदन के दौरान बनाए गए पासवर्ड से ही परिणाम प्राप्त होगा।

कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-मेन जनवरी सेशन बीई-बीटेक के लिए 22 से 29 जनवरी के मध्य 5 दिन में 10 शिफ्टों में हुई थी। फाईनल आंसर-की 10 फरवरी को जारी की गई थी। जारी की गई प्रेस रिलीज के अनुसार

- **10 शिफ्टों में हुई परीक्षा में 14 स्टूडेंट्स ने 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किया है, जिसमें राजस्थान के सर्वाधिक पांच विद्यार्थी, दिल्ली के दो, उत्तर प्रदेश के दो, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक एवं तेलंगाना का एक-एक विद्यार्थी शामिल हैं**

परीक्षा के लिए 1311544 स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था तथा 1258136 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। यह परीक्षा 13 भाषाओं में संपन्न हुई। देश के 304 परीक्षा शहरों के 618 परीक्षा केन्द्रों के साथ विदेशों के 15 शहरों में यह परीक्षा हुई। इस परीक्षा में 833325 छात्र एवं 424810 छात्राएं शामिल हुई। इसमें जनरल कैटेगरी के 466358, ईडब्ल्यूएस के 138699, ओबीसी के 490275, एससी के 122845 एवं एसटी के 39959 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। कैटेगरी वाइज भी 100 पर्सेन्टाइल वाले स्टूडेंट्स की सूची जारी की गई है।

अमित आहूजा ने बताया कि जेईई-मेन जनवरी के परिणामों में 7 डेसीमल पर्सेन्टाइल के रूप में जारी किए गए। एनटीए स्कोर पर विद्यार्थियों में अपने-अपने पर्सेन्टाइल स्कोर के आधार मिलने वाले एनआईटीज, ट्रिपलआईटी एवं जीएफटीआई को लेकर उत्सुकता स्पष्ट दिखाई दे रही है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 12 फरवरी, 2025**

माघ मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, बुधवार, विक्रम संवत 2081, आश्लेषा नक्षत्र सायं 7:35 तक, सौभाग्य योग प्रातः 8:07 तक, बव करण सायं 7:23 तक, चन्द्रमा आज सायं 7:35 से सिंह राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मिथुन, बुध-कुम्भ, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

कुमार योग रात 7:35 से सूर्योदय तक है। आज फाल्गुन संक्रांति, सूर्य कुम्भ में प्रवेश रात्रि 9:56 पर करेगी। पुण्य काल दिन 3:22 से आरम्भ होगा। आज सत्य पूर्णिमा व्रत, माघी पूर्णिमा है। आज माघ स्नान समाप्त होगा। आज होलिका रोपण, भैरव जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:55 तक, शुभ 11:18 से 12:41 तक, चर 3:27 से 4:50 तक, लाभ 4:50 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:10, सूर्यास्त 6:13

### मेष




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### वृष




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

### मिथुन




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

### कर्क




व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आज परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### सिंह




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

### कन्या




आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आज शुभ-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### तुला




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### वृश्चिक




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आज शुभ-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

### धनु




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### मकर




परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ



विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना फातेमा (पासपोर्ट में) एवं फातेमा रतलामवाला (स्कूल सर्टिफिकेट) से बदलकर नया नाम फातेमा हुसैन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-फातेमा हुसैन पत्नी मोहम्मद हुसैन ओल्ड पोस्ट आफिस रोड जैन धर्मशाला के पीछे भीमगंजमण्डी कोटा**

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना मोहम्मद से बदलकर नया नाम मोहम्मद हुसैन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-मोहम्मद हुसैन पुत्र हैदर अली बोहरा ओल्ड पोस्ट आफिस रोड जैन धर्मशाला के पीछे भीमगंजमण्डी कोटा**

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना सोनू कुमार सोनी (SONU KUMAR SONI) से बदलकर नया नाम सोनू सोनी (SONU SONI) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-सोनू सोनी पुत्र गोपाल लाल सोनी 6/101 तुलसी सदन नियर सुरपीन होटल स्टेशन रोड कोटा जंक्शन कोटा**


## बिगड़ती सफाई व्यवस्था से आमजन में आक्रोश

**छबड़ा** (निसं) इन दिनों कस्बे में गंदगी का आलम पसरा हुआ है। बदहाल सफाई व्यवस्था के कारण रहवासियों और आमजन को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिससे आमजन में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

पूर्व पार्षद आदिल सालारगाजी के अनुसार एक ओर तो सरकार स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए दीवारों पर स्वच्छता के नारे, पेंटिंग बनवा कर लाखों रुपये खर्च कर रही है तो वहीं दूसरी ओर शहर में की सफा व्यवस्था में उदासीनता बरती जा रही है। दीवारों में तो स्वच्छता के नारे हैं, लेकिन शहर में गंदगी के नजारे हैं। शहर की मुख्य सड़कों से लेकर वार्डों तक में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। सफाई कार्य होता भी है तो उसमें लापरवाही बरती जाती है। नालियों के बाहर मलबे का ढेर लगा रहता है। सड़कों पर कचरा व गंदगी फैली रहती है। तेलियान मंदिर व भुआखेड़ी स्कूल के पास रखे कचरा पात्र काफी दिनों से गंदगी से भरे पड़े हैं।

# नीट टारगेट स्टूडेंट्स की क्लास में पहुंचे जिला कलेक्टर

■ परीक्षा से 85 दिन पहले की तैयारी के टिप्स और ट्रिक्स बताए

**कोटा,** (निसं)। जिला प्रशासन के कोटा केयर्स अभियान के तहत जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी मंगलवार को बारां रोड स्थित एलन सुपथ कैम्पस में नीट स्टूडेंट्स की क्लास में पहुंचे। उन्होंने नीट के 85 दिन पहले की तैयारी के लिए टिप्स और ट्रिक्स भी बताए। उन्होंने स्वयं के अनुभव साझा करते हुए बच्चों को मोटिवेट रहने की बात कही। उन्होंने रिवीजन और स्टडी के मैथेड्स भी बताए। इस दौरान छात्राओं ने भी सवाल पूछे और अपने मन की बातें भी साझा की।

उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स को अपना अटेंशन स्पान समझना चाहिए। इसके अनुसार ही प्लानिंग करनी चाहिए। हम कितनी देर पढ़ सकते हैं। यह समझते हुए ही छोटी-छोटी प्लानिंग करें। ऐसे में एक्जीक्यूशन अच्छा हो सकेगा। आउटपुट ज्यादा आएगा। कई बार हम प्लानिंग लम्बी कर लेते हैं और एक्जीक्यूशन हमारे अटेंशन स्पान से ज्यादा लम्बा हो जाता है। इससे मामला बिगड़ जाता है। छोटे स्पेल में प्लानिंग करें, छोटे स्पेल में ही एक्जीक्यूशन करें और स्वयं को छोटे-छोटे रिवॉर्ड दें। डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि मोबाइल हमारा शत्रु है। जब पढ़ाई करते हैं तो ध्यान में आता है कि कोई रील मिस तो नहीं हो गई, जब रील देख रहे होते हैं तो पछतावा होता है कि पढ़ाई करते तो अच्छा रहता।

इस अपराधबोध से बचने के लिए हमें दोनों का समय निर्धारित करना चाहिए। जब पढ़ाई करें तो सिर्फ पढ़ाई में ही ध्यान हो और जब रील देखेंगे तो पूरे ध्यान से ही देखेंगे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में मन लगाओ, यदि पढ़ाई में मन लग रहा है तो आप थकोगे नहीं, आपको मजा आएगा, जो काम करना चाहते हो यदि वो ही कर रहे हो तो फिर वो नौकरी नहीं जिंदगी है, शरीर थक सकता है दिमाग नहीं और हमेशा नई ऊर्जा में खुद को महसूस करते हैं।

डॉ.गोस्वामी ने छात्राओं से सेल्फ डाउट, बैकलॉग, टेस्ट प्रिपेरेशन, रिवीजन, एंजाइटी, डिप्रेशन, मार्क्स डिक्रिज, कॉन्फीडेंस की कमी जैसे विषयों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि बैकलॉग सबका होता है। कोई ऐसा नहीं है जो यह कह सके कि मैंने पूरा पढ़ लिया और फिर भी मेरे पास समय है। हमें पढ़ने के तरीके के बारे में सोचना चाहिए।

हम स्मार्टली रिवीजन करें। की-वर्ड्स बनाएं। कापी के जिन पेज पर डिफिकल्टीज है, उनके की-वर्ड बनाकर उसी पेज के कोने पर लिख दें। इसके अलावा जब कभी रूटीन काम से छुट्टी मिल जाए, क्लास नहीं हो तो रिवीजन पर ध्यान देना चाहिए।

# कोटा में महाकुंभ का पवित्र जल वितरित किया गया

**कोटा,** (निसं)। प्रयागराज में महाकुंभ के पावन महापर्व पर त्रिवेणी संगम से लाया गया पवित्र जल का महा-जल वितरण अभियान की शुरुआत प्रदेश कांग्रेस के सदस्य क्रांति तिवारी के आव्हान पर इसकी पवित्र शुरुआत की गई है। सुबह 8 बजे से कोटा की अलग-अलग कॉलोनियों में जाकर अनेक लोगों को पवित्र जल दिया। उसके बाद तकरीबन 11.30 बजे गोदावरी धाम पर जाकर पवित्र जल का महत्व बता कर स्नान कराने की पूरी विधि बता कर माताओं और बहनों और बुजुर्गों को पवित्र जल वितरित किया गया। लोगों में पवित्र जल को लेने की होड़ मची हुई थी सभी पात्र लोग पवित्र जल को पाकर अपने को बहुत भाग्यशाली मान रहे है और बहुत खुश थे।

कोई कह रहा था हमारी महाकुंभ में जाकर स्नान कराने की बहुत इच्छा थी, गंगा मैया ने हमारी सुन ली। कोई कह रहा था की शरीर अस्वस्थ रहने के कारण महाकुंभ स्नान नहीं होने से मन में पीड़ा थी पर अब पवित्र जल से हम घर पर ही महाकुंभ स्नान का पुण्य ले लेगें। किसी ने कहा की हमारे परिवार में माता-पिता बीमार है उनको इस पवित्र जल से स्नान करवा कर उनको महाकुंभ स्नान का पुण्य प्राप्त हो जायेगा।

# दीनदयाल में संगठन का अद्वितीय और अद्भुत कौशल था : पंकज मेहता

■ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की

**कोटा,** (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ वह एक ऐसे समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर ये विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता ने व्यक्त किए।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही वह इसके वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा-स्रोत रहे हैं। उनका राजनीतिक दर्शन मानव मात्र की आवश्यकताओं के अनुरूप और हमारे प्राकृतिक आवास के अनुकूल राजनीतिक कार्यप्रणाली एवं शासकीय कौशल का मार्ग प्रशस्त करने वाला एक चहुंमुखी वैकल्पिक जीवन दर्शन है। अनेकता में एकता और विभिन्न रूपों में एकता की अभिव्यक्ति भारतीय संस्कृति की सोच रही है।

उनके जीवन से आज भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। आज के कार्यकर्ताओं को उनके मार्ग पर चलने, उनके वृहद विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। पंकज मेहता ने कहा कि वह अग्रणी राजनेता और निस्वार्थ सेवाव्रती थे। वह जन संघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय में संगठन का अद्वितीय और अद्भुत कौशल था।

समय बीतने के साथ भारतीय जनसंघ की विकास यात्रा में वह ऐतिहासिक दिन भी आया जब सन् 1968 में विनम्रता की मूर्ति इस महान नेता को दल के अध्यक्ष के पद पर प्रतिष्ठित किया गया।

अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन और जनसंघ के देशभक्ति का सन्देश लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने दक्षिण भारत का भ्रमण किया और जो पौधा उन्होंने लगाया था वह आज वटवृक्ष बन गया।

इस अवसर पर उपस्थित ललित चित्तौड़ा, जगदीश शर्मा, सुनील, दुष्यन्त गहलोत, शैलेन्द्र शर्मा, दिलीप शर्मा, सुबीर रंजन, अभय सिंह, अशोक राठौड़, संजय शर्मा, लालचंद वर्मा, लालचंद भील, गोविन्द डांगी, राहुल आनंद, सागर चदेल, बृज सुन्दर शर्मा, प्रणव भार्गव, कुलदीप शर्मा सहित अन्य लोगों ने पंडित को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## सूर्य नमस्कार का आयोजन किया

**कोटा,** (निसं)। आदर्श योग सेवा समिति एवं नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा नगर निगम कार्यालय, राजीव गांधी भवन के स्वागत कक्ष हॉल में मंगलवार को सूर्य सप्तमी के अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। शिविर में योग गुरु परमानंद के द्वारा नगर निगम के वार्ड पार्षद, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास और सूर्य नमस्कार करवाया गया। इस अवसर पर नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, उपायुक्त महेश चन्द गोयल, उप नगर नियोजक सत्यनारायण राठौर, पार्षद योगेश आहलुवालिया, भानू प्रताप सिंह गौड़, रेखा यादव, रीटा सलूजा, विजय लक्ष्मी प्रजापत, पार्षद प्रतिनिधि महावीर खटाणा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी हनुमान ओझा एवं आदर्श योग सेवा समिति की कार्यकारिणी टीम योग शिक्षिका निर्मला वर्मा, कोषाध्यक्ष मुंशीलाल, जतिन सिंह, नवीन पाटीदार, सुमित एवं निगम के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा इलाके में टेंकर की चपेट में आने से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि पंकज जैन (41) बाईक से जाते समय पॉलोटेक्निक कॉलेज के समीप टेंकर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये।

## जेईई-मेन में एलन के 5 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोर

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई-मेन जनवरी सेशन का परिणाम जारी कर दिया। अभी तक देखे गए परिणामों में एनटीए की ओर से 14 स्टूडेंट्स को 100 एनटीए स्कोरर घोषित किया गया है, इसमें से 5 स्टूडेंट्स एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल और अरनव सिंह के साथ एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के हर्ष झा ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। एनटीए आंसर-की और रिकॉर्डेड रेस्पोंस के अनुसार ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही 44 स्टेट टॉपर्स की लिस्ट जारी की गई, जिसमें 13 एलन से है। इसमें अरनव सिंह, रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, ओमप्रकाश राजस्थान, शौर्य अग्रवाल छत्तीसगढ़, अभिमन्यू टिबरेवाल झारखंड, पाणिनी बिहार, नबनीत प्रियदर्शी ओडिशा, धैर्य शर्मा हिमाचल प्रदेश, कृष्णा चक्रबर्ती आसाम, ई कुमारन पुडुचेरी, हर्ष झा दिल्ली और निशिता मेघालय से स्टेट टॉपर है। परिणाम जारी होने के साथ ही एलन के जवाहर नगर स्थित समुन्नत कैम्पस में खुशियों के ढोल बज गए। स्टूडेंट्स और पेरेन्ट्स ने फैकल्टीज के साथ मिलकर रिजल्ट सेलीब्रेट किया। एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया।

## 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' पर संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी

■ संविधान की जानकारी दी

**कोटा,** (निसं)। संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्र सरकार ने संविधान के बारे में जागरूकता विकसित करने के लिए देश में पूरे साल कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित करने के निर्णय की अनुपालना में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो-क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा मंगलवार को आलनिया ग्राम पंचायत में संचालित भगत पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के सभागार में हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान पर संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए केन्द्रीय संचार ब्यूरो-क्षेत्रीय कार्यालय कोटा के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा की इन कार्यक्रमों का उद्देश्य संविधान के प्रति आमजन के साथ युवा पीढ़ी में जागरूकता पैदा करना है। साथ ही उन्हे अपने अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देकर अवगत कराना है। उन्होंने कहा की हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान का उद्देश्य नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और जिम्मेदारियों का ज्ञान करवाना है। भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। उन्होंने कहा की 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवम्बर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है।

इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। उन्होंने कहा की संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया गया और गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया।

प्रारम्भ में भगत पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के प्रिंसिपल आदित्य गुप्ता ने स्वागत करते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी जैकप मैथ्यू ने आभार व्यक्त किया एवं क्षेत्रीय प्रचार सहायक प्रेमसिंह ने संचालन किया।

## सार-समाचार

### आरएएस तिवारी स्टूडेंट्स से रुबरु हुई

**कोटा,** (निसं)। कामयाबी के लिए कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है। बस लक्ष्य बनाकर चलते रहें, रुके नहीं, सफलता जरूर मिलेगी। यह कहां एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार और राजस्थान प्रशासनिक सेवा की अधिकारी मनीषा तिवारी ने। वे मंगलवार को मोशन एजुकेशन के दक्ष कैम्पस में नीट की कोचिंग कर रहे स्टूडेंट्स से रु-ब-रु हुई और उनके सवालों के जवाब दिए। सफलता पाने व विपरीत हालत में भी हौसला बनाए रखने के गुर दिए। उन्होंने कहा कि जिंदगी में कभी मन का न हो तो खुद से बात करो और पता लगाओ कि कमी कहाँ रह गई। वैसे जो भी होता है, अच्छा होता है। कभी मन का न हो तो भी यह सोचें कि हो सकता है आपके लिए कुछ और बेहतर इंतजार कर रहा हो। दरअसल जीवन में परीक्षा कभी समाप्त नहीं होती। एक रास्ता बंद होता है तो दूसरा खुलता है। उन्होंने कहा कि आप कोटा में जिस मकसद को लेकर आए हैं, उस पर फोकस रहें। सबके पास रोजाना 24 घंटे ही होते हैं, इसके बावजूद कुछ स्टूडेंट आगे बढ़ जाते है तो पीछे छूट जाते हैं। इसलिए समय प्रबंधन जरूरी है। पढ़ने के अलावा खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखना भी जरूरी है। इसके लिए दिनचर्या में समय रखना जरूरी है। भाषा को अपने ज्ञान हासिल करने में बाधा न बनाएं। कुछ तकनीकी शब्द आपको इंग्लिश में ही समझने होंगे। इसलिए मातृभाषा के अलावा यह भाषा भी आनी चाहिए।

### संगोष्ठी आयोजित

**कोटा,** (निसं)। मंडल में संरक्षा अभियान के तहत 11 फरवरी को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुपर्णा सेन रोय के मार्गदर्शन में लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट हेतु कोटा लॉबी में एल्कोहॉलिक डी-एडिक्शन पर संगोष्ठी एवं वार्तालाप का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत मुख्य वक्ता मनोचिकित्सक डॉ. अनुज खण्डेलवाल ने नशा करने वालों को अवगत कराया कि शौक-शौक में नशा कब उनकी आदत बन जाता है और आदत कब बीमारी बन जाती है उन्हें पता ही नहीं चलता। अत: शौक में भी नशे का उपयोग ना करें। डॉ. खण्डेवाल ने बताया की जब नशा बीमारी बन जाता है तो आदमी नशा करने के सौ बहाने निकाल लेता है। अत: इच्छा शक्ति, दवा, पारिवारिक सहयोग एवं सामाजिक सहयोग से ही नशे से मुक्ति पाना सम्भव है वर्ना पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। इसी क्रम में एल्कोहॉलिक एनॉनिमस/एनजीओ के उमेश जैन ने बताया की हमारी संस्था हर समय नशामुक्ति की काउन्सिलिगं के 24 घण्टे तैयार है केवल फोन करने पर ही हमें व्यक्ति जहां चाहता है वहां काउन्सिलिंग के लिये हम उपलब्ध रहते है।

### ऑटो में छुटा बैग लौटाया

**कोटा,** (निसं)। पुलिस सिटी सीएलजी सदस्य, ब्राह्मण कल्याण परिषद के शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित अपने साथियों के साथ गिरिराजजी की परिक्रमा पूर्ण कर जनशताब्दी ट्रेन से 9 फरवरी को मथुरा से कोटा पहुंचने पर उन्होंने रेलवे स्टेशन से एरोड्रम तक ऑटो से पहुंचे तो भूलवश उनका बैग ऑटो में ही छूट गया। बैग में कपड़े, 5500 रुपयें, रिकॉर्ड की डायरियां, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंकचेक आदि आवश्यक समान थे। उन्होंने गुमानपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर अभय कमांड सेंटर, यातायात पुलिस की मदद से शहर में ऑटो की तलाशी करवाई तो 10 फरवरी को रात्रि 9.00 बजे ऑटो ड्राईवर सरस्वती कॉलोनी निवासी उपेंद्र सिंह ने तलाश करते हुए धर्मेंद्र दीक्षित को बैग लौटाया।

### जुआ रकम सहित 4 जुआरी पकड़े

**कोटा,** (निसं)। रामपुरा कोतवाली पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए जुआ रकम 13020 रूपये सहित 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया। रामपुरा कोतवाली के उपनिरिक्षक थानाधिकारी महेश कुमार ने बताया कि कोतवाली के सहायक उपनिरिक्षक राजकुमार मय जाप्ता इलाके मे गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि जेपी मार्केट में कुछ लोग ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार्यवाही करते हुए श्रीपुरा निवासी जावेद (25), मकबरा निवासी कमलेश (30), बल्लभबाडी निवासी फिरोज खान (36), एवं गोविन्द नगर निवासी मोहम्मद रशीद (25) को ताश के पत्तो पर दांव लगाकर जुआ खेलते गिरफ्तार किया। जिनसे मौके पर जुआ रकम 13020 रूपये बरामद किये।


### कार्यालय नगर पालिका कापरेन जिला बून्दी (राज.)

क्रमांक:-न.पा.का./2025/1848 दिनांक:-10.2.2025

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा सेन पत्नि श्री जगदीश सेन जाति नाई निवासी कापरेन तह. के.पाटन जिला बून्दी (राज.) द्वारा श्री ओमप्रकाश शर्मा पुत्र श्री गोरधनलाल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी झालीजी का बराना हाल कापरेन का शिवनगर आवासीय योजना भूमि का पट्टा क्रमांक 05 दिनांक 29.11.2011 का जर्ये रजिस्ट्री शुदा प्लाट खरीद किया गया है। जिसका स्वयं के नाम नामान्तरण करवाने हेतु पालिका में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिनके संबंध में दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 7 दिवस में कार्यालय नगरपालिका में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पश्चात आपत्ति स्वीकार नही होगी।

**अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका कापरेन**

### कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर

क्रमांक:-ननिको(उ.)/भ.नि.अनु./जोन-द्वितीय/2025/14059-60 दिनांक:-11.2.25

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकों 1.श्री संजय चतुर्वेदी पुत्र श्री गोविन्दलाल चतुर्वेदी 2.श्री मनोज कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री गोविन्दलाल चतुर्वेदी 3.श्री हेमन्त कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री गोविन्दलाल चतुर्वेदी 4.श्रीमती अनिता शर्मा पुत्री श्री गोविन्दलाल चतुर्वेदी निवासी-डी-14, बल्लभबाडी कोटा राजस्थान द्वारा आवास/भूखण्ड सं. डी-14 बल्लभबाडी कोटा का क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

आवास/भूखण्ड डी-14 बल्लभबाडी कोटा स्थित भूखण्ड का नाम हस्तानान्तरण नगर विकास न्यास कोटा (राजस्थान) द्वारा क्रमांक 1375 दिनांक 03.08.1979 को श्रीमती चन्द्रकला देवी पत्नी श्री गोविन्दलाल चतुर्वेदी जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती चन्द्रकला देवी पत्नी श्री गोविन्दलाल चतुर्वेदी की मृत्यु दिनांक 17.12.2023 को हो चुकी है। एवं श्री गोविन्दलाल चतुर्वेदी की भी मृत्यु दिनांक 16.02.2016 को हो चुकी है।

आवेदको द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखण्ड डी-14 बल्लभबाडी कोटा द्वारा कुल क्षैत्रफल 1200 वर्गफीट का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित रूप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी।

**उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर**

### कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/17266 दिनांक:-11.2.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्याम सुन्दर वधवा पुत्र स्व.श्री झांगीराम वधवा निवासी भूखण्ड संख्या 11-ए व 12-ए शोपिंग सेन्टर कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 575 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 3375 वर्गफुट में से 1687.5 वर्ग फुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 575 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 3375 वर्ग फुट का विक्रय तहसील लाडपुरा द्वारा जर्ये रसीद संख्या 4511/47 दिनांक 04.03.1955 से श्री नन्दकिशोर पुत्र श्री श्योनारायण को किया गया। श्री नन्दकिशोर ने जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 06.05.1962 से उक्त भूखण्ड श्री हरद्वारी लाल पुत्र श्री भूप लाल कुलश्रेष्ठ को विक्रय कर दिया। श्री हरद्वारी लाल का देहावसान हो जाने के उपरान्त श्री हरद्वारी लाल के एक मात्र पुत्र ने उक्त भूखण्ड दक्षिणी भाग क्षेत्रफल 1687.5 वर्ग फुट भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.09.2002 से श्री श्याम सुन्दर वधवा पुत्र श्री झांगी राम वधवा को विक्रय कर दिया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड के आवेदित भाग का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण**

### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3283 **विज्ञप्ति** दिनांक:-11.02.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामचन्द्रपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना फ्रेण्डस कालोनी भूखंड संख्या 78 खसरा नं. 153 आवेदक/आवेदिका श्री शाहरुफ खान पुत्र श्री अदालत खान निवासी कोयला बाग एस.पी. आफिस के सामने पुलिस लाईन कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 9243 दिनांक 18.03.2011 को श्रीमती रघुनाथी बाई पत्नी श्री रामेश्वर मीणा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 29.10.2018 को जर्ये मुख्तारआम मोहम्मद रिजवान पुत्र श्री मुश्ताक अहमद द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री शाहरुफ खान पुत्र श्री अदालत खान के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण**

### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3270 **विज्ञप्ति** दिनांक:-08.02.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम सोगरिया योजना "पूनम कालोनी" खसरा नं. 292/533, 293/534 में स्थित भूखंड संख्या 40 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्रीमती उषा कछावा पत्नी स्व. श्री बिशन सिंह निवासी-मकान नं. 40, गली नं. 1 पूनम कालोनी कोटा जं. कोटा राजस्थान द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 1481 दिनांक 18.01.2003 को श्री बिशन सिंह पुत्र श्री द्वारका सिंह के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार पट्टेधारी की मृत्यु दिनांक 14.01.2007 को हो चुकी है। पट्टेधारी की मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान (1) गुमान सिंह (2) इन्द्रा कँवर (3) सोहन कँवर एवं (4) सुमेर सिंह द्वारा उक्त भूखंड का हक त्याग जर्ये रजि. रिलीज डीड दिनांक 18.02.2021 से श्रीमती उषा कछावा के पक्ष में कर दिया है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत रजि. रिलीज डीड, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्रों के आधार पर अपने पक्ष में नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अत: श्रीमती उषा कछावा पत्नी स्व. श्री बिशन सिंह के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण**

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-2084 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-31.1.2025

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की ट्रांसपोर्ट नगर विस्तार भूखंड योजना के भूखंड/आवास संख्या 4 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 30.04.2001 को मै. आदिनाथ रोड केरियर्स प्रो. श्री सुशील कुमार जैन पुत्र श्री भागचंद जैन को आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री दुलीचंद अग्रवाल पुत्र श्री मातादीन अग्रवाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 08.08.2024 को श्रीमती लीला बजाज पत्नी श्री पंकज बजाज को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 4 योजना ट्रांसपोर्ट नगर विस्तार भूखंड का नाम हस्तान्तरण श्रीमती लीला बजाज पत्नी श्री पंकज बजाज के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा**

### कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/17284 दिनांक: 11.2.25

**रजिस्ट्री बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुषमा अग्रवाल पत्नी स्व. श्री डॉ. जे.एम. अग्रवाल निवासी भूखंड संख्या-4-छ-19 विज्ञान नगर कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 342 बी तलवण्डी योजना कोटा क्षेत्रफल-3000 वर्गफीट की रजिस्ट्री कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण के कार्यालय आदेश क्रमांक दिनांक 13.05.2024 से श्रीमती सुषमा अग्रवाल पत्नी स्व. श्री डॉ. जे.एम. अग्रवाल के पक्ष में नाम हस्तांतरण किया गया है। श्रीमती सुषमा अग्रवाल पत्नी स्व. श्री डॉ. जे.एम. अग्रवाल के पक्ष में रजिस्ट्री की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के रजिस्ट्री की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का रजिस्ट्री करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण**





# मोबाइल शोरूम पर चोरों का धावा, एक घंटे में सवा करोड़ के मोबाइल चोरी

## चोरों ने चौकीदार को बेसमेंट में बंद किया, सीसीटीवी कैमरे में वारदात कैद हो गई

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के गंज थाना क्षेत्र के वैशाली नगर में सैमसंग मोबाइल शोरूम पर चोरों धावा बोल दिया। चोर करीब एक घंटे में एक करोड़ से अधिक के कीमती मोबाइल व एसेसरीज चोरी की फरार हो गए। कार में आए तीन लुटेरों ने बेसमेंट में सो रहे चौकीदार को बंद किया और शोरूम में घुसकर वारदात अंजाम दी। चोर शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी चुरा ले गए। बेसमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की यह वारदात कैद हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।

**चौकीदार को बेसमेंट में किया बंद :-** फॉयसागर रोड निवासी आशीष जैन ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल का शोरूम तीन दोस्तों ने पार्टनशिप में तीन माह पहले ही खोला था। बीती रात 12 बजे के करीब वह अपने दो दोस्तों के साथ शोरूम बंद करके घर गए थे। कुछ देर बाद ही चोर शोरूम के बाहर पहुंचे और पहले रेकी की, फिर बेसमेंट में सो रहे चौकीदार को बाहर से बंद कर दिया और शोरूम का शटर तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने थैलियों में कीमती मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान भरकर चोरी कर गाड़ी में बैठ कर फरार हो गए। मंगलवार सुबह जब चौकीदार ने शोरूम के ताले टूटे देखे तो उसने मालिक को सूचना दी।

इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। शोरूम के मालिक आशीष जैन के अनुसार, चोरी गए मोबाइल और अन्य सामान की सही कीमत चेक करने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन शुरुआती अनुमान के मुताबिक, यह रकम सवा करोड़ रुपए से अधिक हो सकती है।

**सीसीटीवी फुटेज कैद वारदात :-** चोरों की यह कारस्तानी बेसमेंट में लगे कैमरों में कैद हो गई। फुटेज में तीन युवक प्लास्टिक के बैग में मोबाइल भरकर अपने साथ ले जाते हुए दिखाई दे रहे है। पुलिस ने शोरूम सहित आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज जांच के आधार पर चोरों की आने-जाने की पहचान करने में जुट गई है।



सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक प्लास्टिक के बैग में मोबाइल भरकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

- चोर शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी चुरा ले गए, पुलिस ने जांच शुरु की

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई

## विशिष्ट लोक अभियोजक ने 62 दस्तावेज और 26 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कराये

**भीलवाड़ा, (निसं)।** विशिष्ट न्यायाधीश (पॉक्सो एक) देवेंद्रसिंह नागर ने पन्द्रह साल की नाबालिग लड़की से गैंगरेप के मामले में आरोपी को 20 साल की सजा और 90 हजार के जुर्माने से दंडित किया है। आरोपित के दो नाबालिग साथियों के खिलाफ बाल न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

प्रकरण के अनुसार, एक परिवादी ने 20 मार्च 2023 को रायला थाने में रिपोर्ट पेश की थी कि 18 मार्च को उसकी 15 साल की नाबालिग बेटी शौच के लिए घर से बाहर गई थी। वह काफी देर बाद भी नहीं लौटी। इसके चलते बेटी की तलाश की तो कहीं पता नहीं चला। अगले दिन सुबह चार बजे किसी परिचित का फोन आने पर पता चला कि उसकी पुत्री को पास के गांव के स्कूल में बंधक बनाकर रखा है। इस पर परिवादी तीन-चार लोगों के साथ वहां जाकर पुत्री को लेकर आया। वापस आने पर उसकी पुत्री ने बताया कि जब वह शौच करने गई तब दो लड़के जबरन उसे बाइक पर बैठाकर नदी की तरफ ले गये। जहां जबरन उसके साथ रेप किया। इसके बाद उन्होंने अपने एक अन्य साथी को बुलाया। उसने भी नाबालिग के साथ रेप किया। इन आरोपितों ने नाबालिग को स्कूल में ले जाकर बांध दिया।

इस रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर दो बाल अपचारियों को डिटेन कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक आरोपित राजू पुत्र गोपाल कुमावत के खिलाफ न्यायालय में गैंगरेप के आरोप में चार्जशीट पेश की। न्यायालय में ट्रायल के दौरान इस प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने 62 दस्तावेज और 26 गवाह पेश कर राजू पर लगे आरोप सिद्ध करवाये। न्यायालय ने प्रकरण में सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपित राजू कुमावत को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 90 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।



दुष्कर्म का आरोपी

# 12वीं के स्वयंपाठी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 15 से

## सीबीएसई ने गाइडलाइन जारी की, आगामी 15 मार्च तक चलेंगी प्रायोगिक परीक्षाएं

**अजमेर, (कासं)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं के प्राइवेट विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षायें 15 फरवरी से 15 मार्च तक आयोजित होंगी। बोर्ड ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षाएं सैद्धांतिक परीक्षाओं के लिए निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय परीक्षाओं के लिए बाहरी परीक्षकों की नियुक्ति करेंगे। आंतरिक परीक्षकों की नियुक्ति केंद्राधीक्षक द्वारा अपने स्कूल के शिक्षकों में से की जाएगी। यदि आंतरिक परीक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए किसी विषय में परीक्षा केंद्र स्कूल में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, तो नजदीकी स्कूलों के शिक्षकों को नियुक्त किया जाएगा। क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से प्रैक्टिकल आंसर बुक्स की आपूर्ति की जाएगी। परीक्षाओं के बाद केंद्र उन विद्यार्थियों के अंक अपलोड करेंगे। परीक्षार्थियों को अपनी पिछली मार्कशीट तथा वर्तमान परीक्षा प्रवेश पत्र की प्रति के साथ अपने परीक्षा केंद्रों से संपर्क करना होगा। परीक्षा केंद्राधीक्षक उन सभी छात्रों की सूची कक्षावार तथा विषयवार तैयार करेंगे, जिनकी प्रैक्टिकल परीक्षाएं आयोजित की जानी हैं। इधर बोर्ड के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय प्रायोगिक परीक्षाओं का समय पर पूरा होना, अंक अपलोड तथा प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाओं का क्षेत्रीय कार्यालय में प्राप्त होना सुनिश्चित करेंगे।

# किशोरी से दुष्कर्म, प्रसव में नवजात की मौत

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** 13 साल की एक किशोरी दुष्कर्म से गर्भवती हो गई। अब वह 14 साल की है। उसका एक अस्पताल में प्रसव हुआ तो इस घटना का परिवार को पता चला। हालांकि नवजात की प्रसव के दौरान मौत हो गई। पीड़िता ने पुलिस को दिए पर्चा बयान में एक अज्ञात युवक पर दुष्कर्म के आरोप लगाए हैं। इसके बाद लालगढ़ जाटान पुलिस ने अज्ञात युवक पर दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित किशोरी को 8 फरवरी को एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। वहां उसका 9 फरवरी को प्रसव करवाया गया। लालगढ़ जाटान थानाधिकारी संजय सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। अज्ञात युवक को हिरासत में लेने के बाद पुलिस द्वारा शिनाख्तगी परेड भी करवाई जाएगी। इसके अलावा डीएनए टेस्ट भी करवाया जाएगा। डीएनए मेच, मजिस्ट्रेट बयान, कॉल डिटेल आदि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई होगी।

- अज्ञात युवक पर मुकदमा दर्ज हुआ

# आग से 10 किलोमीटर का वन क्षेत्र जलकर राख

## सात-आठ घंटे में पाया आग पर काबू, पांच गांव के 250 किसान आग बुझाने में जुटे



मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास किये।

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के वन विभाग नाका बैजनाथपुर, टोडा लड़ी, गुड़ा, बैरकी के वन जंगल क्षेत्र में अचानक आग लग जाने से लगभग 350 हेक्टेयर वन क्षेत्र आग की चपेट में आ गया।

जीएसएस अध्यक्ष सौदान फ़ागना ने बताया कि आग की लपेट देख आसपास के पांच गांव के 250 किसान आग बुझाने के लिए जंगल की ओर भागे और फायर बिग्रेड और वन विभाग को सूचना दी। आग लगने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम व फायर बिग्रेड तत्काल घटनास्थल पर रवाना हो गई। फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों में तीन गाड़ियां ही घटना स्थल पर पहुंच पाई। पहाड़ी इलाका व जंगल क्षेत्र रहने से तीन गाड़ियां जंगल में फस गई। इसके चलते किसानों ने अपने हाथों में पेड़ टहनी और छड़ी लेकर मिट्टी व पानी डालकर विभाग की टीम के साथ 7 से 8 घंटे में आग पर काबू पाया।

वन इलाके क्षेत्र में आग से बड़ी संख्या में पेड़ पौधे जलकर राख हो गए। हालांकि सूखी घास और जंगल में फैली जंगली वनस्पतियों के कारण आग को काबू करने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ा। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लाखों की वन संपत्ति जलकर राख हो चुकी है। इससे पर्यावरण को भारी नुकसान के साथ ही इस आग में जंगल में रहने वाले रेंगने वाले जीव-जंतु और पक्षियों के घोंसले भी नष्ट हो गए होंगे। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस आग से हुए नुकसान का आकलन बाद में किया जाएगा।

- पहाड़ी इलाका व जंगल क्षेत्र रहने से दमकल की तीन गाड़ियां जंगल में फंस गई
- विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लाखों की वन संपत्ति जल गई है

# विवाहिता का शव कुएं में तैरता मिला

## महिला सोमवार से घर से लापता थी, परिजन तलाश कर रहे थे

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के बाटोदा थाना अंतर्गत बिछोछ गांव के करीलकी के कुएं में मंगलवार को एक विवाहिता महिला का शव तैरता मिलने से सनसनी फैल गई और काफी संख्या में मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर रामसिंहपुरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को ग्रामीणों की मदद से कुएं से बाहर निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरनाला के मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक महिला की पहचान फोरंती देवी पत्नी रामावतार मीणा निवासी बिछोछ के रूप में हुई है।

रामसिंहपुरा चौकी प्रभारी किरोड़ीलाल मीणा ने बताया कि कुएं में महिला के शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंचे। तहकीकात करने पर मृतक महिला फोरंती देवी पत्नी रामावतार मीणा निवासी बिछोछ जो कि सोमवार से ही घर से लापता थी जिसकी परिजन तलाश कर रहे थे। महिला का विवाह साढे तीन वर्ष पूर्व हुआ था एवं उसका पति रामावतार मीणा जयपुर में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। बाटोदा थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि इस मामले को लेकर मृतका फोरंती के भाई रामावतार मीणा निवासी रानूपुरा थाना सपोटरा ने मामला दर्ज कराया है। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी गई है।

- महिला का विवाह साढे तीन वर्ष पूर्व हुआ था

# मदिरा दुकानों का अब तक 72 प्रतिशत नवीनीकरण हुआ

## राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति 2025-29, अनुज्ञाधारियों में उत्साह

**उदयपुर, (निसं)।** राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों का बंदोबस्त पारदर्शिता व सरलीकृत व्यवस्वथा के साथ किया जा रहा है।

प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है अब तक 72 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। अनुज्ञाधारियों के विश्वास व उत्साह के मद्देनजर पुरानी मदिरा दुकानों के लिए नवीनीकरण की अंतिम तिथि 12 फरवरी तक संभवतया 90 प्रतिशत से अधिक नवीनीकरण कर लिया जाएगा।

आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के अनुसार राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत पुरानी मदिरा की दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया के तहत अनुज्ञाधारियों में खासा उत्साह है। प्रदेश में 7665 मदिरा दुकानों में से अब तक 5490 मदिरा की दुकानों का नवीनीकरण करते हुए 72 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा पहली बार फरवरी माह में ही संभवतया मदिरा दुकानों के रिन्यूअल का 90 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मदिरा दुकानों के नवीनीकरण अथवा रिन्यूअल अंतिम दिन 12 फरवरी तक किया जाएगा। नवीनीकरण से शेष रही दुकानों का समूहवार ऑनलाइन नीलामी, ई-बिड द्वारा आवंटन का प्रावधान है।

- अंतिम दिन 90 प्रतिशत से अधिक नवीनीकरण की संभावना

# चोरों ने मंदिर को निशाना बनाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित चामुंडा माता मंदिर को देर रात चोरों ने बनाया निशाना। मन्दिर से सोने-चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपए नगदी चोरी हो गई। वहीं सीसीटीवी कैमरे तोड़ कर चोर फरार हो गये।

जानकारी के अनुसार हमीरगढ़ कस्बे ने स्थित चामुंडा माता मंदिर के बीती देर रात अज्ञात चोरों ने लाखों की चोरी को अंजाम दिया। अलसुबह मंदिर के पुजारी को पता चलने पर पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एफ एस एल टीम ने सबूत जुटाकर चोरों की तलाश शुरू की। ग्रामीणों को जब चोरी की सूचना मिली तो सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस की लचर गश्त व्यवस्था और क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

ग्रामीणों का आरोप था कि हमीरगढ़ थाना पुलिस अवैध बजरी माफियाओं को पनपाने के काम में लगी है, देर रात पुलिस भ्रष्टाचार के चलते बजरी माफियाओं को संरक्षण देने के लिए गश्त में व्यस्थ रहती है और चोरों बड़ी आसानी से कस्बे के घरों, मंदिरों और प्रतिष्ठानों को अपना निशाना बना लेते हैं। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त व्यवस्था को पुख्ता करने की मांग की है।

- सीसीटीवी कैमरे तोड़ कर फरार हो गये चोर, पुलिस ने मौके पर जाकर जांच शुरु की

# 14 लाख की स्मैक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध जारी अभियान के तहत टोंक वृताधिकारी राजेश विद्यार्थी एवं थानाधिकारी मेहन्दवास ओमप्रकाश तथा डीएसएटी टीम ने दौराने गश्त मेहन्दवास थाना क्षैत्र के एक बालक को संदिग्ध अवस्था में जाकर देखा। जिसको रोककर पूछताछ करने पर उसके कब्जे से 71.03 ग्राम स्मैक मिली, जिसकी बाजार कीमत लगभग 14 लाख 20 हजार रूपये बताई गई है। आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# जिस तरह परिवार में मतभेद हो जाते हैं, उसी तरह पार्टी में भी हो जाते हैं : खर्रा

**पाली, (नि.सं.)।** नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि पार्टी में अनुशासन जरूरी है। जिस तरह परिवार में कई बार मतभेद होते जाते हैं, उसी तरह पार्टी में भी हो जाते हैं। यह पार्टी का निजी मामला है। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा जवाब दे देंगे, उनका जवाब संतोषजनक होगा तो ठीक है, वरना पार्टी प्रदेशाध्यक्ष आगे की कार्रवाई करेंगे। मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने मंगलवार को पाली के सर्किट हाउस में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा मंत्री किरोड़ीमल मीणा को अनुशासन हीनता के मामले में भेजे गए नोटिस से जुड़े सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि वे मंत्री मीणाजी से मिलेंगे, उनके मन में क्या है, बैठकर बताकर, उन्हें समझा लेंगे।

मंत्री ने कहा कि पाली अभी नगर निगम, भविष्य का पता नहीं पाली से संभाग का दर्जा छीन जाने के बाद पाली नगर निगम बना रहेगा या यह दर्जा भी पाली से छीन लिया जाएगा। इस सवाल के जवाब पर मंत्री खर्रा ने कहा कि वर्तमान में पाली निगम बना हुआ है। भविष्य में क्या होगा इसका पता नहीं। बजट से जुड़े सवाल पर कहा कि इस बार का बजट पिछले बजट से भी बेहतर होगा। इसके साथ ही उन्होंने बदहाल पड़ी निगम की रामासिया के निकट राजीव विहार आवासीय योजना, जले हुए टाउन हॉल का जीर्णोद्धार करवाने, बंद पड़े सॉलिड वेस्ट प्लांट को जल्द शुरू करवाने, शहर में घूम रहे डॉग्स को पकड़ने के लिए कोई आसान तरीका निकालने का आश्वासन भी दिया।

इस मौके पर मंत्री खर्रा ने जिलास्तरीय अधिकारियों की करीब दो घंटे से ज्यादा समय तक बैठक ली। मंत्री खर्रा ने बताया कि बैठक में मोटे तौर पर कुछ मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें पाली को लेकर की गई बजट घोषणा की प्रगति के बारे में अधिकारियों से पूछा गया। इसके साथ ही राइजिंग राजस्थान में पाली जिले को लेकर निवेशकों से जो प्रस्ताव मिले थे, उनकी प्रगति को लेकर जानकारी ली। शहर की जनता की शिकायतों को समयबद्ध अवधि में समाधान हो रहा है या नहीं, के अलावा शहर की सीवरेज और सफाई व्यवस्था में सुधार पर चर्चा की गई। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना में जिन लोगों के मकान खुले हैं, उन्हें आवंटित करने ओर शेष कार्य को पूरा करवाने पर चर्चा की गई।

नगर निगम के प्रतिपक्ष नेता हकीम भाई के साथ कांग्रेस नेता मेहबूब टी, पार्षद रमेश चावला सहित कई कांग्रेसियों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा। बताया कि पानी के बिल ज्यादा आने से लोग परेशान है। लाइट के बिल भी एक महीन में दो बार आ गए। सीवरेज की समस्या से पूरा शहर परेशान है। शिकायत के बाद भी निगम समाधान नहीं करवा पा रहा है। इस पर मंत्री खर्रा ने निगम आयुक्त को बुलाया और जवाब मांगा।

इस पर उन्होंने कहा कि सीवर लाइन की सफाई का काम चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। संभवत अगले एक महीने बाद स्थितियों में काफी सुधार होगा। एडवोकेट मगराज सोनी ने पाली को संभाग यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा और पिछले एक महीने से भी ज्यादा चल रहे धरने के बारे में बताया। इसके साथ ही कइयों ने ज्ञापन सौंपे।

मंत्री खर्रा को पाली विधायक भीमराज भाटी ने पाली-सोजत बाइपास बनाने को लेकर स्वीकृत किए गए प्रोजेक्ट के अधूरे पड़े होने की बात बताते हुए इसे पूरा करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि महज 8.2 का यह बाइपास है। इसके बनने से पाली शहर, खेतावास, भालेलाव, निम्बाड़ा, बागड़िया, बल्दों की ढाणी, सरदारों की ढाणी क्षेत्र के लोगों को भी फायदा होगा और सफर भी आसान होगा। लेकिन सालों बाद भी यह प्रोजेक्ट स्वीकृति के बाद भी पूरा नहीं हो सका है।



नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने अधिकारियों के साथ चर्चा की।

- 'मंत्री किरोड़ी लाल मीणा जवाब दे देंगे, उनका जवाब संतोषजनक होगा तो ठीक है, वरना पार्टी प्रदेशाध्यक्ष आगे की कार्रवाई करेंगे'
- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा मंत्री किरोड़ीमल मीणा को अनुशासन हीनता के मामले में भेजे गए नोटिस से जुड़े सवाल पर खर्रा ने यह बात कही


**स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**ई-निविदा सूचना 01/2025**

इस विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के Equipments/Chemicals/Glasswares and Plasticwares/Miscellaneous items क्रय करने के लिए सालाना दर अनुबन्ध हेतु मूल निर्माता फर्मो से प्रस्ताव आमंत्रित हैं। NIB code SKA2425A0090 एवं UBN is SKA2425GLRC00125, SKA2425GLRC00126, SKA2425GLRC00127 विस्तृत विवरण वेबसाईट www.raubikaner.org, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/11490 — वित नियंत्रक

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सांचौर**
एन.एच. 68, PHED Campus, सांचौर (जालोर)

Te.Pho.No. 02979-283624 E-mail.: eephedser@gmail.com
क्रमांक अ.अ./जन स्वा./सॉ/निविदा/2024-25/1658 दिनांक-03.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या-20/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सांचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरणनिम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | Construction And Commissioning of All Type of Tube Wells (Bhimguda, Choura, Dabal, Jhab. Nimbau) in MLA Counstituency Sanchore Under CM budget Announcement 2024-25. Providing, Laying and Jointing of HDPE pipeline of various sizes |
| निविदा की कुल लगात (राशि लाखों में) | कुल निवदा 02 रू. 86.50 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 03.02.2025 से 18.02.2025 को 13.00 बजे तक |
| निविदाए खोलने की तिथी व समय | 18.02.2025 को 16.00 बजे से |
| UBN NO.: | PHE2425WSOB09102, PHE2425WSOB09103 |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेंगे।

(पृथ्वीसिंह) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड सांचौर

DIPR/C/1570/2025

# नशामुक्त राजस्थान के लिए सभी एजेंसियां समन्वय से करें कार्य : पंत

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राज्य में हुक्का बार पूरी तरह से प्रतिबंधित है और अवैध रूप से संचालित हुक्का बार व ड्रग कारोबारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नशामुक्त प्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए पुलिस विभाग को राजस्थान हुक्का बार निषेध अधिनियम- 2019 के तहत त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**■ 'प्रदेश में हुक्का बार पूर्णतः प्रतिबंधित, अवैध संचालन पर होगी सख्त कार्रवाई'**



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेन्टर तंत्र की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की।

पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेन्टर तंत्र (एनसीओआरडी) की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न स्थानों पर संचालित बार, पब, होटल, रेस्टोरेंट एवं शराब की दुकानों के बाहर अवैध मादक पदार्थ सेवन के संबंध में चेतावनी बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें और सोशल मीडिया के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), पुलिस, परिवहन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित सभी संबंधित विभाग और एजेंसियां समन्वय से कार्य करें और ड्रग माफियाओं पर कड़ी नकेल कसें। इसके लिए जिला स्तर पर नियमित रूप से टास्क फोर्स की बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य सचिव ने चिकित्सा विभाग, पुलिस और एनसीबी द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अवैध रूप से बिना चिकित्सकीय परामर्श के एच श्रेणी के ड्रग्स, अवैध दवाईयों एवं मादक पदार्थ बेचने वाले मेडिकल स्टोर्स पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित विभाग और ड्रग लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियां मिलकर प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने सीमावर्ती जिलों में सघन नाकाबंदी कर नशीले पदार्थों और उनके निर्माण में काम आने वाले रसायनों की तस्करी पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के भी निर्देश दिए।

पंत ने समाचार पत्रों, विभिन्न प्रचार और संचार माध्यमों के जरिए नशे की रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग एवं सभी शैक्षिणक संस्थाओं में विद्यार्थियों को नशे की लत से दूर रहने के लिए ई-प्रतिज्ञा दिलाने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने निजी नशामुक्ति केन्द्रों की प्रभावी मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए।

बैठक में एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक श्री घनश्याम सोनी ने मुख्य सचिव को मानस पोर्टल पर प्राप्त सूचना के आधार पर एनसीबी द्वारा मादक प्रदार्थों के विरुद्ध की गई कार्रवाईयों की केस स्टडी पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से इनकी कार्यो की प्रकृति, रूट्स और सिंडीकेट की जानकारी दी।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग आनंद कुमार, शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग कुमार पाल गौतम, पुलिस महानिदेशक वी के सिंह, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त सुनील शर्मा सहित विभिन्न विभागों, रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी उपस्थित रहे एवं संबंधित ड्रग लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों के अधिकारी वीडियो क्रॉन्फेंसिंग के माध्यम से जुड़े।


## मोबाइल लूटने वाला लुटेरा गिरफ्तार

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले एक शातिर मोबाइल लुटेरे को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी के पास से लूटे गए बाइस मोबाइल फोन भी बरामद किए गए है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक बाइक भी बरामद की। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी नशे के लिए शहर में कई मोबाइल लूट की वारदात कर चुका है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस थाना खोह नागोरियान ने राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले एक शातिर मोबाइल लुटेरे वसीम कुरैशी निवासी माणक चौक जयपुर हाल खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया है। इससे पहले भी आरोपी वसीम कुरैशी कई वारदात कर चुका है।

थानाधिकारी ओमप्रकाश मातवा ने बताया कि 6 फरवरी को परिवादी प्रदीप कुमार सिंह ने मामला दर्ज करवाया था कि 31 जनवरी को गोनेर तिराहा पर अपने घर जाने के लिए खड़ा था। इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर एक लडका आया और झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीन कर भाग गया। पीड़ित के पास आरोपी लुटेरे के बाइक नम्बर थे पीड़ित ने पुलिस को आरोपी के बाइक नम्बर आरजे 59 सीए 5210 था। इस पर पुलिस ने एक रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जिस पर टीम गठित की गई टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक कराये। इस पर पुलिस ने आरोपी के हुलिए के आधार पर चिन्हित किया और आरोपी वसीम कुरैशी को बाइक के साथ वारदात से पहले पकड़ा।

# राज्यपाल ने महाकुंभ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को परिजनों सहित महाकुंभ मेले में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। राज्यपाल ने संगम स्नान के साथ ही कुंभ से जुड़ी भारतीय सनातन परंपरा को स्मरण करते हुए कहा कि महाकुंभ स्नान संस्कृति की जड़ों से जुड़ना है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में स्नान से शरीर ही नहीं आत्म की भी शुद्धि होती है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले विशाल जन का आत्मीय समागम स्थल है।**

## राजस्थान के लिए जारी 111.84 करोड़ का बजट पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने नहीं किया उपयोग : मदन राठौड़

**■ राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आयुष मंत्री जाधव से इस बजट को फिर से जारी करने की मांग की**

**■ राज्यसभा में आयुष मंत्री जाधव द्वारा इस बजट पर नियमानुकुल चर्चा के बाद जारी करने के लिए आवश्वस्त किया है**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है, जिन्होंने देश के सभी प्रदेशों के विकास के लिए बजट जारी किया और दूसरी ओर राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार है, जिसने केंद्र से बजट आने के बावजूद उस बजट को प्रदेश की जनता के लिए उपयोग ही नहीं किया। राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय की ओर से प्राचीन चिकित्सा पद्धित के गहन अध्ययन और उससे एकीकृत अस्पतालों की स्थापना के लिए प्रत्येक राज्य सरकार को बजट जारी किया, लेकिन राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने 111.84 करोड़ के बजट का उपयोग ही नहीं किया। राठौड़ ने राज्यसभा में आयुष मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रतापराव गणपत राव जाधव से इस बजट को फिर से जारी करने की मांग भी की।

राठौड़ ने बताया कि आयुष चिकित्सालय और शैक्षिणक संस्थानों की स्थापना के लिए केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2022-23 में 111.84 करोड़ रूपए राजस्थान को जारी किए थे, लेकिन पूर्वाग्रह से ग्रसित राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जनता के हित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान तक नहीं दिया और बजट का उपयोग तक नहीं किया। ऐसे में आयुष मंत्री जाधव से इस बजट को फिर से जारी करने की मांग की गई है। राज्यसभा में आयुष मंत्री जाधव द्वारा इस बजट पर नियमानुकुल चर्चा के बाद जारी करने के लिए आवश्वस्त किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राज्यसभा में प्रदेश के लिए नए आयुष कॉलेज तथा आयुष अस्पतालों की स्थापना पर भी सवाल किया। इसके जवाब में आयुष मंत्री जाधव ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 10,30 और 50 बैड वाले एकीकृत आयुष अस्पताल और कॉलेज स्थापना करने का प्रावधान है।

# देवनानी ने पण्डित उपाध्याय को अर्पित किये श्रद्धा सुमन

**■ 'पण्डित उपाध्याय का दर्शन युवा, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिज्ञों के लिए प्रेरणादायक'**

**जयपुर।** विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि पण्डित उपाध्याय ने राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र के भविष्य की संकल्पना के लिए गहन चिन्तन किया। पण्डित उपाध्याय ने विकास का आधार एकात्ममानव दर्शन बताया है। देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्याय का दर्शन युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिज्ञों के लिए प्रेरणादायक है। धानक्या की इस पवित्र भूमि पर राष्ट्रवाद से प्रेरित इस कार्यक्रम में कुशाग्र बुद्धि वाले पण्डित उपाध्याय जी की प्रतिमा के सामने खडे होने पर ही उनके अभूतपूर्व जीवन का सम्पूर्ण चित्र उभरकर आ जाता है। समाज सेवा के पथ प्रदर्शक, राजनीति के आदर्श, अदभुत व्यक्तित्व , चिंतन, बुद्धि कौशल, नेतृत्व और सांगठनिक क्षमता के धनी पण्डित उपाध्याय ने लगातार समाज को नई दृष्टि देकर समाज को जगाने का कार्य किया।

देवनानी ने मंगलवार को धानक्या में स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर पहुँचकर पण्डितजी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। देवनानी ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति द्वारा आयोजित पण्डित उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ किया। देवनानी ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक स्थल से संबंधित चित्रों की प्रदर्शनी का भी फीता खोलकर उदघाटन किया।

देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्याय ने राष्ट्र सेवा को ही अपने जीवन का ध्येय बनाया। मोमबत्ती और लालटेन की रोशनी में अध्ययन करने वाले पण्डित उपाध्याय ने पांचजन्य , स्वदेश, राष्ट्रधर्म जैसे समाचार पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से राष्ट्रीय जागरण और राष्ट्रीय विचारों का प्रचार-प्रसार किया। देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्याय ने भारत की कृषि प्रधान अर्थ व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए विकेन्द्रीकृत राजनीति और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को केन्द्र में रखकर आधुनिक तकनीको को शामिल करने का सुझाव दिया। देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्याय की पुण्यातिथि पर हम सभी को उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को प्रथम रखकर उन्नत, विकसित और समृद्ध भारत को निरन्तर आगे बढाने के लिए हम सभी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पण्डित उपाध्याय की एक देश एक विचार की संकल्पना में अखण्ड भारत के निर्माण में सभी को साथ मिलकर चलना होगा। महान चिन्तक, विचारक और अन्तोदय व एकात्ममानववाद के प्रणेता पण्डित उपाध्याय के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर हम राष्ट्र को नई दिशा देने में भागीदार बन सकते है। देवनानी ने नेत्र चिकित्सा शिविर में ईलाज लेने आए बुजुर्गों से बातचीत की और उनके हाल चाल पूछे। इस मौके पर विधायक गोपाल शर्मा, समारोह समिति से जुड़े कैलाश चन्द्र , शंकर, एम.एल. छीपा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# राजस्थान सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए देगी 200 करोड़ रु. की सब्सिडी

**जयपुर।** प्रदेश मे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा देने हेतु इलेक्ट्रिक वाहन नीति के अन्तर्गत 200 करोड़ रू का ई-व्हीकल प्रमोशन फंड गठित किया गया है। राज्य सरकार की "इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2022" के अन्तर्गत फेम-2 के दिशा निर्देशों के अनुरूप आधुनिक बैटरी युक्त इलैक्ट्रिक वाहनों के क्रेताओं को स्टेट जीएसटी राशि का पुनर्भरण एवं एकमुश्त अनुदान ई-व्हीकल प्रमोशन फंड में से दिये जाने का प्रावधान किया गया है। पुनर्भरण एवं एकमुश्त अनुदान राशि 1 सितम्बर 2022 से क्रय किए गए एवं राज्य में पंजीकृत किये गये वाहनो पर देय होगा।

संयुक्त परिवहन आयुक्त जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया कि अनुदान हेतु पॉलिसी के अन्तर्गत फेम-2 में पंजीकृत वाहन विनिर्माता को विभागीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन के बाद विभाग द्वारा सत्यापन किये जाने के पश्चात् निर्माता द्वारा पुनः पोर्टल पर फेम-2 के दिशा निर्देशों के अनुरूप आधुनिक बैटरी युक्त वाहन का मॉडल, बैटरी का प्रकार व बैटरी क्षमता की सूचना दर्ज की जानी है। पोर्टल पर उपरोक्तानुसार कार्यवाही के पश्चात् विभाग द्वारा वाहन का माडल, बैटरी का प्रकार व बैटरी क्षमता इत्यादि का सत्यापन किया जाकर वाहन क्रेताओं को पुनर्भरण एवं अनुदान राशि के क्लेम हेतु आवेदन के लिए वाहन पोर्टल पर अनुमत किया जाएगा।

# डॉ. श्याम सुंदर शर्मा की पुस्तक "ढूँढाड़ क्षेत्र की रामलीला और प्रचलित संगीत रचनाएँ" का विमोचन

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की ओर से इंटरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट के संयोजन में आयोजित दो दिवसीय ध्रुवपद-धरोहर समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को राजस्थान की समृद्ध ध्रुवपद परंपरा पर गहन विमर्श हुआ। यह कार्यक्रम पद्मश्री पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग को समर्पित रहा।

"संवाद-प्रवाह" से कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें ध्रुवपद गायिका प्रो. मधु भट्ट तैलंग और ध्रुवपद गायक डॉ. श्याम सुंदर शर्मा ने राजस्थान में ध्रुवपद के संरक्षण और विकास पर अपने विचार साझा किए। संवाद का संचालन साहित्यकार राजेश आचार्य ने किया।

**■ डॉ. प्रभाकर नारायण पाठक ने पार ब्रह्म परमेश्वर और पं. डॉ. संतोष नाहर ने प्रस्तुत किया दक्षिण भारतीय राग**




इस अवसर पर डॉ. श्याम सुंदर शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक ढूँढाड़ क्षेत्र की रामलीला और प्रचलित संगीत रचनाएँ का विमोचन किया गया। इसके बाद दिल्ली के बिहार घराने के ध्रुपद गायक डॉ. प्रभाकर नारायण पाठक ने अपने सुरीले और सधे हुए गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने राग यमन और यमन कल्याण में चीतल और सूलताल में पार ब्रह्म परमेश्वर और शंकर शिव पिनाक धर ध्रुवपद प्रस्तुत किए। इसके बाद राग बागेश्वरी एवं राग बसंत में धमार नार चली आवत और सूलताल में नवल बसंत नवल वृंदावन की विविध लयकारी के साथ प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उनके साथ पखावज पर पंडित राधेश्याम शर्मा, सारंगी पर पंडित भारत भूषण गोस्वामी और तानपुरा पर किरण कौर एवं दीपिका कुमावत ने संगत की।

समारोह में भागलपुर मिश्रा घराने के विख्यात बेला वादक पं. डॉ. संतोष नाहर ने अपने उत्कृष्ट वादन से संगीत प्रेमियों को अभिभूत किया। उन्होंने दक्षिण भारतीय राग वाचस्पति से कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पंच-तंत्री बेला पर राग चारुकेशी में ध्रुपद-धमार शैली में आलाप, जोड़, झाला के पश्चात मध्य लय एवं द्रुत लय में तीन ताल की प्रस्तुति दी। उनके वादन में राग विस्तार, आलंकारिक तानों, ग़मक की बारीकियों एवं तबला-पखावज के साथ प्रश्नोत्तर शैली में जुगलबंदी को विशेष सराहना मिली। आखिर में मिश्र काफी में ठुमरी वादन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस प्रस्तुति में तबला पर पंडित राज कुमार नाहर और पखावज पर अंकित पारिख ने संगति दी।

# देवनानी ने कर्नल राठौड़ के निधन पर संवेदना जताई



**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के निवास पर पहुँचकर उनके दिवंगत पिता कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी।

देवनानी ने उद्योग मंत्री राठौड को ढांढस बंधाया और शोक संतप्त परिवारजन के प्रति संवेदना व्यक्त की। देवनानी ने कहा कि स्व. कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड का पूरा जीवन भारत माता की सेवा को समर्पित रहा। जांबाज सैनिक के रूप में पाकिस्तान की साम्प्रदायिक शक्तियों के खिलाफ उनका अपूर्व शौर्य प्रदर्शन गौरवशाली मिशाल रहा है। सच्चे देशभक्त के रूप में स्व. राठौड को सदैव याद रखा जाएगा। राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित स्व. राठौड का जीवन युवाओं में देश भक्ति की भावना का विकास करने के लिए प्रेरणादायी है।

विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

## फरार इनामी दुष्कर्मी गिरफ्तार

**जयपुर।** शास्त्री नगर थाना पुलिस ने तीन साल से फरार दस हजार रुपए के इनामी दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से लगातार नाम और ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था, लेकिन पुलिस ने तकनीकी जांच के चलते आखिरकार बिहार के नवादा जिले से दबोच लिया गया।

थानाप्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि 6 जनवरी 2022 को परिवादी कय्यूम खां ने अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी को लेकर शास्त्रीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बेटी पास के एक मकान में जाने का कहकर निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, मगर जब कोई सुराग नहीं मिला, तो उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस जांच में सामने आया कि नाबालिग को एक आरोपी बहला-फुसलाकर बिहार ले गया और घटना के बाद से ही फरार है। मामला पॉक्सो एक्ट और बलात्कार से जुड़ा होने के कारण इसे गंभीर अपराध मानते हुए पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया गया।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रेमचंद बैरवा

**■ स्टेट रोड सेफ्टी कौंसिल बैठक में बोले परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री**

**जयपुर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और उनमें मानव जीवन की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा के लिए साझा जिम्मेदारी से काम करें और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ठोस कदम उठाएं।

डॉ. बैरवा मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित स्टेट रोड सेफ्टी कौंसिल की 21वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों में उच्चतम तकनीकी मानकों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों पर ब्लैक स्पॉट्स और गड्ढों की निरंतर पहचान कर उनमें गुणवत्तापूर्ण सुधार करने के भी निर्देश दिए। परिवहन मंत्री ने यात्रियों की सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए बसों के फिटनेस और मरम्मत के काम को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस और ट्रक चालकों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और उनके उचित आराम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नवीनतम तकनीकों के इस्तेमाल कर सड़क निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए।

डॉ. बैरवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों में नियमित रूप से यातायात जागरूकता अभियान चलाए जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए। राज्य में इस योजना के तहत सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को गुड सेमेरिटन कहा जाता है। गुड सेमेरिटन को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया गया है।

परिवहन विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी ने बताया कि राजस्थान 10 वर्षीय सड़क सुरक्षा स्ट्रेटेजी एवं एक्शन प्लान लागू करने और सड़क सुरक्षा वेब पोर्टल लांच करने वाला देश का पहला राज्य है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार की एम्बुलेंस सेवा 108 और एनएचएआई की 1033 एम्बुलेंस सेवाओं का एकीकरण किया जा रहा है, जिससे चिकित्सा सहायता को त्वरित रूप से दुर्घटनास्थल तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि माई भारत पोर्टल पर सड़क सुरक्षा शैक्षिणक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन में प्रदेश को देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश कुमार यादव, रोडवेज प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा, परिवहन, रोडवेज, ट्रैफिक पुलिस, पीडबल्यूडी, एनएचआई चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत और मिस्र के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास ''साइक्लोन-2025'' शुरू

## भारतीय सेना की स्पेशल फोर्स और मिस्र की कमांडो स्क्वाड्रन मिलकर आतंकवाद विरोधी अभियान चलाएंगी

**बीकानेर, ( निसं )।** भारत और मिस्र के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास ''साइक्लोन-2025'' महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सोमवार से शुरू हो गया। 14 दिन चलने वाला यह अभ्यास दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से चुनौतीपूर्ण रेगिस्तानी वातावरण में पेशेवर कौशल साझा करते हुए विशेष बलों की अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित है। ''साइक्लोन-2025'' का प्राथमिक उद्देश्य भारत और मिस्र के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना है।

- **''साइक्लोन-2025'' का प्राथमिक उद्देश्य भारत और मिस्र के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना है**




**महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और मिस्र के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास ''साइक्लोन-2025'' शुरू हुआ।**

रक्षा सूत्रों के अनुसार इस अभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद विरोधी अभियानों, टोही, छापे और अन्य विशेष सैन्य अभियानों में दोनों देशों के विशेष बलों की परिचालन क्षमताओं में सुधार करना है। इसमें राजस्थान की कठोर रेगिस्तानी परिस्थितियों में स्नाइपिंग, कॉम्बैट फ्री फॉल, निगरानी, लक्ष्य निर्धारण और बहुत कुछ शामिल होगा। इलाके को इसके चुनौतीपूर्ण वातावरण के कारण चुना गया है, जो प्रत्येक देश के विशेष बलों की सीमाओं को आगे बढ़ाएगा और उनकी अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करेगा। यह अभ्यास दोनों देशों के लिए अपनी सेनाओं के बीच बेहतर संचार और समन्वय पर काम करने के लिए एक मंच के रूप में भी काम करता है। संयुक्त अभ्यास करके भारत और मिस्र दोनों का उद्देश्य सैन्य अभियानों में तालमेल बनाना है, जिससे आधुनिक सुरक्षा खतरों से निपटने में उनकी तत्परता और दक्षता बढ़े। ''साइक्लोन-2025'' अभ्यास भारत और मिस्र के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग को रेखांकित करता है, जो हाल के वर्षों में काफी मजबूत हुआ है। दोनों देशों ने आतंकवाद, उग्रवाद और सीमा सुरक्षा चुनौतियों जैसे वैश्विक खतरों की उभरती प्रकृति को पहचानते हुए सुरक्षा और रक्षा सहयोग को प्राथमिकता दी है। ''साइक्लोन-2025'' जैसे संयुक्त अभ्यास आयोजित करके दोनों देशों का लक्ष्य एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी का निर्माण करते हुए अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाना है।

यह सहयोग केवल सैन्य अभ्यास तक सीमित नहीं है। यह राजनयिक संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और आपसी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के व्यापक प्रयास का एक हिस्सा है। चूंकि भारत और मिस्र दोनों ही अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसलिए यह अभ्यास साझा खतरों से निपटने में सक्षम एकीकृत रक्षा मोर्चा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभ्यास साइक्लोन श्रृंखला का तीसरा संस्करण है, जिसमें भारत और मिस्र रक्षा सहयोग में अपनी मजबूत साझेदारी जारी रखेंगे। भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) कर रहा है, जो तीव्र तैनाती, हवाई संचालन और विशेष मिशनों में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं। मिस्र की टुकड़ी में मिस्र के कमांडो स्क्वाड्रन और मिस्र के एयरबोर्न प्लाटून शामिल हैं, दोनों ही रेगिस्तानी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों में समृद्ध अनुभव रखते हैं। इन विशेषीकृत इकाइयों की संयुक्त भागीदारी विशेषीकृत कौशल को परिष्कृत करने पर ध्यान केंद्रित करती है जो आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से उन अभियानों के लिए जिनमें उच्च स्तर के समन्वय और सटीकता की आवश्यकता होती है।

साइक्लोन यानी चक्रवात 2025 का सामरिक महत्व है। सबसे पहले, यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थित दो महत्वपूर्ण देशों के बीच सैन्य संबंधों को गहरा करने का काम करता है। भारत इंडो-पैसिफिक में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में और मिस्र, जो अफ्रीका और मध्य पूर्व के चौराहे पर स्थित है, दोनों ही अद्वितीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करते हैं। रक्षा मामलों पर सहयोग करके दोनों देश आतंकवाद, उग्रवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता जैसे खतरों से निपटने की अपनी क्षमता में सुधार करते हैं। इसके अलावा यह अभ्यास क्षेत्रीय स्थिरता में साझा हितों वाले देशों के बीच सैन्य-से-सैन्य आदान-प्रदान की बढ़ती प्रवृत्ति को उजागर करता है । भारत और मिस्र दोनों ही वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ताओं में सक्रिय रूप से शामिल हैं, ऐसे में ''साइक्लोन-2025'' उनकी रक्षा तैयारियों और परिचालन अनुकूलता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सूने मकान से लाखों के सोने-चांदी के जेवर समेत नगदी पार

## सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले

**बिजयनगर, ( निसं )।** कन्हैया कॉलोनी के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने रात्रि में धावा बोलते हुए घर में रखे सोने-चांदी के जेवर समेत नगदी पार कर ली। घटना की जानकारी घर वालों को तब लगी जब वे पारिवारिक कार्यक्रम से वापस घर आये तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला तथा ताला टूटा मिला। घर अंदर के कमरे के सामान बिखरे पड़े थे तथा आलमारी का लाकर भी खुला हुआ था। उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर समेत नगदी गायब थे। चोरी की वारदात की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मौका मुआयना किया। आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कपीड़ित घनश्याम सेन ने बताया कि पारिवारिक कार्यक्रम में बाहर गये थे। वापस लौटने पर घर का ताला टूटा था तथा आलमारी में रखा सामान बिखरा हुआ था कमरे की अलमारी में रखे रखे 50 ग्राम सोने के आभूषण, 1 किलो 500 ग्राम चांदी के जेवर समेत नगदी चोर उड़ाने में कामयाब हो गए। थाना प्रभारी करणसिंह ने बताया कि कन्हैया कॉलोनी में चोरी की घटना हुई है। पुलिस जांच में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

- **पारिवारिक कार्यक्रम में बाहर गया हुआ था परिवार, वापस लौटने पर घर का ताला टूटा मिला**



**सीसीटीवी फुटेज में चोरी की वारदात के संदिग्ध कैद हो गये।**

## बदला लेने की नीयत से हमला किया

**सरवाड़, ( निसं )।** सरवाड़ शहर में चार साल के मासूम की हत्या का बदला लेने के लिए खूनी संघर्ष कर दिया। वहीं हमले में भैरू पुत्र कालू भील बुरी तरह घायल हो गया। सरवाड़ अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को अजमेर रेफर किया गया। सोमवार देर रात को यह घटना घटित हुई। घटना की जानकारी मिलते ही केकड़ी से पुलिस उपाधीक्षक हर्षित शर्मा पुलिस जाप्ता के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार सांपला गेट पर खूनी संघर्ष का मामला बताया जा रहा है। घटना के बाद शहर में सनसनी फैल गई। मौके पर स्थानीय लोगों ने स्कूटी पर घायल को सरवाड़ अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि थोड़े दिनों पहले ही कालू भील जेल से जमानत पर आया था। बाहर आपसी रंजिश के चलते खूनी संघर्ष किया। घायल को रात में उपचार के बाद अजमेर रेफर कर दिया गया। वहीं भैरू पुत्र कालू भील अजमेर में मासूम की हत्या के आरोप में जेल में सजा काट रहा था। थोड़े दिन पहले ही उसकी जमानत हुई थी।

# ''मरु महोत्सव'' में केमल टेटू शो का प्रदर्शन



**जैसलमेर, ( नि.सं. )।** मरु महोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को महोत्सव की अधिकांश गतिविधियां शहर के डेडानसर मैदान में केन्द्रित रही, जहां रेगिस्तान के जहाज ऊँटों से जुड़ी कई स्पर्धाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, रोमांच और साहस भरे करतबों से परिचय कराया। डेडानसर मैदान में सीमा सुरक्षा बल के उप समादेष्टा मनोहरसिंह खींची के नेतृत्व में केमल टेटू शो का शानदार एवं हैरतअंगेज प्रदर्शन किया गया। रेगिस्तान के जहाज ने अपने सीमा प्रहरियों की सुरक्षा के लिए प्रस्तुत किये गये करतब को सभी ने सराहा। ऊँटों पर जवानों ने पीटी का प्रदर्शन किया एवं रेगिस्तान के जहाज ने उनका पूरा साथ निभाया। उप समादेष्टा खींची ने अतिथियों को सलामी दी एवं पूरा कारवां मंच के आगे से गुजरा। सीमा सुरक्षा बल के आठवें अजूबे केमल माउंटेट बैंड ने राजस्थानी गीतों की मधुर स्वर लहरियां बिखेरी। डेडानसर में आयोजित समारोह के दौरान कई लोग उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोटा, ( निसं )।** विज्ञान नगर इलाके में एक युवक ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार विज्ञान नगर इलाके के छत्रपुरा निवासी मनोज पंवार ने घर में फांसी का फंदा लगा लिया। मामले मे सामने आया कि मनोज ने यह कदम उस समय उठाया जब घर में कोई नहीं था।

- **जब युवक ने फांसी लगाई तब घर पर कोई भी नहीं था, पत्नी भी बच्चों के साथ पीहर गई हुई थी**

मनोज की पत्नी बच्चों के साथ पीहर गई हुई थी और परिवार के अन्य सदस्य भी बाहर गये थे, सूचना पाकर परिजन कोटा पहुंचे। विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि छत्रपुरा निवासी मनोज पंवार ने घर में पंखे से फन्दा लगाकर सुसाइड कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नहीं आया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# नौ माह से लापता युवक का नहीं लगा सुराग, परिजनों ने प्रदर्शन किया

## न्याय की गुहार लगाने एसपी ऑफिस पहुंचा परिवार, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**अजमेर, ( कासं )।** अजमेर के लाडपुरा गांव निवासी एक युवक बीते नौ माह से लापता होने और पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज परिवार के सदस्य जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाने मंगलवार सुबह एसपी ऑफिस पहुंचे। परिवार के साथ आए ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए मांग की कि लापता युवक का पता लगाया जाए। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान युवक की मां बेहोश हो गई। परिजन व ग्रामीणों ने कहा कि युवक का खोजबीन की जाए।

- **कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान युवक की मां बेहोश हो गई, परिजन व ग्रामीणों ने कहा कि युवक की खोजबीन की जाए**



**कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान गुमशुदा की फोटो दिखाते हुए परिजन।**

जिला प्रशासन के समक्ष न्याय की गुहार लगाने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे लापता युवक महेंद्र सिंह रावत के छोटे भाई नरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि 1 मई 2024 को उनके गांवा के ही रहने वाले पिंटू सिंह भाई को खाटू श्यामजी लेकर गया था, लेकिन उसके बाद से ही आज तक घर नहीं लौटा। परिजन का कहना रहा कि पिंटू आदतन शराबी है और उसे संदेह है कि भाई के साथ कुछ गलत हुआ है। मामले में पुलिस से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। नरेंद्र ने बताया कि महेंद्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए उन्होंने कई बार सीकर और गेगल थाने के चक्कर लगाए, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी। पुलिस कार्रवाई करने के बजाए टाल रही है।

**प्रदर्शन के दौरान मां की बिगड़ी तबीयत :-** मंगलवार को जब कलेक्ट्रेट के बाहर न्याय के लिए परिजन व ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे थे, तब युवक महेंद्र की मां बेहोश हो गईं। ग्रामीणों ने उन्हें संभाला और पानी पिलाया।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि महेंद्र की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की जाए और इस मामले की निष्पक्ष जांच हो। परिजन का कहना है कि आखिर पुलिस उनकी शिकायत पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही? उन्होंने मांग की है कि उनके बेटी की तलाश शुरू की जाए।

# तीन वाहनों में भिड़ंत, दुर्घटना में दो जने घायल

## ट्रोला अनियंत्रित होकर निजी बस से भिड़ा, ट्रोला बस को करीब 150 मीटर तक धकेलता ले गया






**निवाई के मूंडिया बाइपास पर सोमवार देर रात को वाहनों में भिड़ंत होने के बाद क्षतिग्रस्त बस व क्षतिग्रस्त ट्रोला।**

- **बस के पीछे चल रही एक स्कॉर्पियो कार भी बस के पिछले हिस्से में घुस गई, कार सवार घायल हुये**
- **बस में कोटा के यात्री थे जो सीकर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे**
- **घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया**

**निवाई, ( निसं )।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की रात मूंडिया बाइपास पर तीन वाहनों में भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दो जने घायल हो गए।

सदर थाना प्रभारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि सोमवार की रात बनास से बजरी भरकर एक ट्रोला जयपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान मूंडिया बाइपास पर रात करीब 11 बजे ट्रोला अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए दूसरी तरफ से सामने से आ रही एक निजी बस से जा भिड़ा।

भिड़ंत इतनी तेज थी कि ट्रोला बस को करीब 150 मीटर तक पीछे धकेलता हुआ ले गया, जिससे बस के पीछे चल रही एक स्कॉर्पियो कार भी बस के पिछले हिस्से में घुस गई। इस दुर्घटना में कार में सवार दो जने घायल हो गए। वाहनों की भिड़ंत के बाद बस में सवार यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर घटना स्थल के नजदीक ढाबे पर खाना खा रहे ट्रक चालक एवं स्थानीय लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे और यात्रियों को बस से सकुशल बाहर निकाला। उहोंने बताया कि इस घटना में ट्रोले एवं बस में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई है, जबकि दोनों वाहनों का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि बस में कोटा के यात्री थे जो सीकर में एक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। घटना की सूचना पर सदर थाने के ड्यूटी ऑफिसर सांवरमल मय पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस को बुलवाया। एंबुलेंस के पहुंचने के बाद स्कॉर्पियो में सवार दोनों को बाहर निकाला और एंबुलेंस में ही प्राथमिक उपचार किया गया।

पुलिस ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन से हटवाकर यातायात चालू करवाया। डिवाइडर के पास पानी निकासी के लिए बनी नाली में ट्रोले का पहिया धंस जाने से ट्रोला रुक गया जिससे गंभीर हादसा होने से टल गया।

## विवाहिता ने खुदकुशी का प्रयास किया

**अजमेर, ( कासं )।** रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर गोलिखं खाकर खुदकुशी का प्रयास किया। पीड़िता ने तबीयत खराब होने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जेएलएन अस्पताल में भर्ती कर लिया।

- **पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया**

पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौतम नगर निवासी शीतल कुमार ने पुलिस को रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी पूजा (26) का विवाह 16 जनवरी को जोंसगंज निवासी नरेंद्र खंडेलवाल से हुआ था, शादी के बाद से ही बेटी को ससुराल वाले मानसिक रूप से परेशान कर रहे थे। विवाहिता के पिता ने आरोप लगाया कि पूजा की सास कांता घरेलू बातों को लेकर आए दिन परेशान करती थी, साथ ही शादी में कम दहेज लाने का ताना देती थी। शीतल कुमार ने पुलिस को बताया कि 8 जनवरी को उनकी बेटी के साथ ससुराल में मारपीट की गई, इसके बाद उसे पीहर लेकर आ गए। 9 जनवरी को उन्होंने ससुराल पक्ष से फोन पर बातचीत कर मामले को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन पूजा के पति, सास और ससुर ने उसे वापस रखने से इनकार कर दिया।

इससे पूजा मानसिक रूप डिप्रेशन आकर घर में रखी दवाइयां खा ली, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे बेहोशी की हालत में जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां अस्पताल में भर्ती कर लिया। मामले की जानकारी मिलते ही रामगंज थाना पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पीड़िता के परिजनों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास, ( निसं )।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ व शराब के खिलाफ अभियान के तहत सूरवाल थाना पुलिस ने आरोपी दिनेश खटीक निवासी सूरवाल के कब्जे से अवैध देशी शराब के 56 पव्वों को जब्त कर गिरफ्तार किया है। सूरवाल थाना प्रभारी जयप्रकाश ने बताया कि 11 फरवरी मंगलवार को हेड कांस्टेबल मदनलाल मय टीम के गश्त कर रहे थे। इसी दौरान महू नहर भगवतगढ़ रोड पर आरोपी दिनेश खटीक अवैध देशी शराब के 56 पव्वों के साथ नजर आया, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया एवं आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



भारत, पाकिस्तान या ऑस्ट्रेलिया नहीं, बल्कि न्यूजीलैंड की टीम को डेंजरस बताया है। कीवी टीम के पास दमदार खिलाड़ी हैं, जो लय में हैं और टीम को जोड़कर रख सकते हैं। - रवि शास्त्री

पूर्व भारतीय कोच, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा कौन सी टीम खतरनाक होगी, को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** **निखिल खडसे**



खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कलिंगा स्टेडियम में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए ओडिशा सरकार की सराहना की और कहा कि ऐसी सुविधाएं देश के भविष्य के चैंपियन तैयार करने की नींव रखेंगी। उन्होंने कहा कि ऐसी सुविधाएं भारत को 'खेल महाशक्ति' बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। खडसे ने ओडिशा की राजधानी की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान कहा, ''कलिंगा स्टेडियम जैसी सुविधाओं के साथ हम भविष्य के चैंपियन तैयार करने की नींव रख रहे हैं जो देश को गौरव दिलाएंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे लंबा मार्क यानसन है। साउथ अफ्रीका के इस ऑलराउंडर की हाइट 6 फुट 10 इंच है।

## क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगा भारत



अहमदाबाद, 11 फरवरी। चैंपियंस ट्राफी की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण श्रृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एक दिवसीय मैच में भारतीय टीम बुधवार को यहां क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगी। पहले दो मैच जीत कर भारत पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुका है। 19 फरवरी को चैंपियंस ट्राफी शुरु होने से पहले भारत के पास खुद को परखने का यह अंतिम मौका होगा। कप्तान रोहित शर्मा पिछले मैच में शतक जड़ कर अपनी खोई फार्म को वापस पा चुके हैं और अब हर एक की निगाहे रन मशीन विराट कोहली पर होंगी जिनके लय में आने से भारत की चैंपियंस ट्राफी की राहें आसान दिखने लगेंगी। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत को 2023 में खेले गये एक दिवसीय विश्वकप के फाइनल में हार का मुंह देखना पडा था और अब उसका इरादा इस मैच में अंग्रेजों का सफाया कर अपने पुराने जख्म को पूरी तरह भुलाने का होगा। चैंपियंस ट्राफी में भारत अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा जबकि 23 फरवरी को उसका मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं।

## तीसरे वनडे में ऐसी हो सकती है टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन

नई दिल्ली, 11 फरवरी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा वनडे मैच खेला जाएगा। दोनों टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। वहीं भारतीय समयानुसार मुकाबला दोपहर 1.30 से खेला जाएगा। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया 3 मैचों की वनडे सीरीज में 2 मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुकी है। लिहाजा, भारतीय टीम तीसरे वनडे में अंग्रेजों का सूपड़ा साफ करने के लिए इरादे से मैदान पर उतरेगी। जबकि जोस बटलर की टीम तीसरा वनडे जीतकर अपनी साख बचाना चाहेगी।

अहमदाबाद की पिच की बात करें तो, ये स्पिन गेंदबाजों को मददगार हो सकती है। दरअसल, आंकड़े बताते हैं कि इस पिच पर गेंद रुक कर आती है, जिससे स्पिनरों के लिए काम आसान हो जाता है। हालांकि, हालिया मैचों के आंकड़े बताते हैं कि पिच पर रनों की बारिश होती है। इस पिच पर बल्लेबाजी आसानी से रन बटोरते हैं, शॉट लगाना आसान होता है। भारतीय टीम की संभावित प्लेइंग इलेवन- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह।





## पंकज आडवाणी ने अपने नाम 10वां पुरुष स्नूकर खिताब हासिल किया, 36वां गोल्ड मेडल

नई दिल्ली, 11 फरवरी। भारत के स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने नाम एक और उपलब्धि कर ली है। दरअसल, पंकज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंदौर के यशवंत क्लब में अपना 36वां राष्ट्रीय खिताब और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब हासिल किया।शुरुआती झटके से उबरते हुए फाइनल में पंकज ने ब्रिजेश दमानी को हराया, जहां ब्रिजेश दमानी शुरुआत में कामयाब रहे लेकिन पूरे मैच में उन्होंने लगातार प्रयास किए। बता दें कि इस टूर्नामेंट से एशियाई और वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए एकमात्र चयन किया जाता है।फाइनल मैच में आडवाणी ने अंतिम फ्रेम में 84 का प्रभावशाली ब्रेक दिया और इस फ्रेम के साथ ही मैच और चैंपियनशिप अपने नाम कर दी। थी आडवाणी ने चैंपियनशिप जीतने के बाद कहा कि ये एकमात्र प्रतियोगिता थी जिसके प्रदर्शन के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा। इसलिए इस प्रतियोगिता में काफी कुछ दाव पर लगा था।दमानी ने ग्रुप चरण में आडवाणी को हराया था, लेकिन फाइनल में वह इस अनुभवी खिलाड़ी के खिलाफ अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। दमानी के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में आडवाणी केवल एक फ्रेम जीतने में सफल रहे थे।

## पश्चिम बंगाल ने टेबल टेनिस में जीता डबल गोल्ड

देहरादून, 11 फरवरी। उत्तराखंड में 38 वें राष्ट्रीय खेलों में पश्चिम बंगाल ने पुरुष और महिला दोनों टेबल टेनिस टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल की। उनके खिलाड़ियों ने सोमवार को दोनों श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। पुरुष टीम ने फाइनल में महाराष्ट्र को 3-0 से, जबकि महिला टीम ने महाराष्ट्र को 3-1 से हराकर शीर्ष पोडियम फिनिश का दावा किया। फाइनल की शुरुआत, पश्चिम बंगाल की सुतीर्थ मुखर्जी के महाराष्ट्र की स्वस्तिक घोष से मुकाबला करने के साथ हुई। एक कठिन लड़ाई में, मुखर्जी ने 11-8, 6-11, 14-12, 2-11 और 11-5 के स्कोर के साथ जीत हासिल करते हुए अपनी टीम के लिए पहला अंक हासिल किया।

## राफ्टिंग प्रतियोगिता सराहनीय प्रदर्शन के साथ सम्पन्न

देहरादून, 11 फरवरी। उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों के अन्तर्गत, टनकपुर के काकड़घाट में प्राणपोषक राफ्टिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई श्रेणियों में उच्च ऊर्जा प्रदर्शन और भयंकर प्रतिस्पर्धा देखी गई। देश भर की टीमों ने असाधारण कौशल और सहनशक्ति का प्रदर्शन किया और शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए तेजी से संघर्ष किया। आरएक्स राफ्टिंग मेन श्रेणी में, एसएससीबी ने उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद आंध्र प्रदेश दूसरे स्थान पर और जम्मू का तीसरा स्थान रहा।

## चौदह साल बाद एथलेटिक्स में गुरमीत का सर्विन ने तोड़ा रिकॉर्ड

देहरादून, 11 फरवरी। उत्तराखंड में हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेल में एथलेटिक्स के रेस वॉक इवेंट में यूएस समय एक नया इतिहास रच गया, जब 14 साल बाद पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक में राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड टूटा। वर्ष 2011 में झारखंड के गुरमीत सिंह ने 1 घंटा 23 मिनट 26 सेकंड में यह रेस पूरी कर इतिहास रचा था, जो इस बार छह भारतीय एथलीटों ने पीछे छोड़ दिया। सबसे तेज प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को सर्विन सेबस्टियन (सर्विसेज) ने 1 घंटा 21 मिनट 23 सेकंड में रेस पूरी कर नया राष्ट्रीय खेल का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इसके अलावा, सूरज पंवार (उत्तराखंड), अमनजोत सिंह (पंजाब), परमजीत सिंह (सर्विसेज), राम बाबू (उत्तर प्रदेश) और मुकेश निठारवाल (राजस्थान) ने भी गुरमीत सिंह के 2011 के रिकॉर्ड से बेहतर समय निकाला।

## जेनेसिस इनविटेशनल गोल्फ टूर्नामेंट से हटे टाइगर

सैन डिएगो, 11 फरवरी। मां के निधन से उबर रहे टाइगर वुड्स ने टॉरे पाइंस में होने वाले जेनेसिस इनविटेशनल गोल्फ टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। टाइगर की मां कुल्टिडा वुड्स का पिछले मंगलवार को निधन हो गया था। वुड्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर कहा मैंने इस सप्ताह खेलने की योजना बनाई थी लेकिन मैं अभी इसके लिए मानसिक रुप से तैयार नहीं हूं। मैंने इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार होने की अपनी तरफ से हर संभव प्रयास किए। मैं जानता हूं कि मेरी मां भी यही चाहती लेकिन मैं अभी तक उनके निधन से नहीं उबर पाया हूं। वुड्स के इस सप्ताह के आखिर में टॉरे पाइंस में उपस्थित रहने की उम्मीद है।

## खालसा बनाम श्रीराम कॉलेज मुकाबला ड्रॉ, दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने भारती कॉलेज को हराया

नई दिल्ली, 11 फरवरी। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के बीच 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का मैच 3-3 से ड्रॉ रहा। महिला वर्ग के मुकाबले में दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने भारती कॉलेज को 4-0 से हराया। श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर पुरुष वर्ग के मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की तरफ से तनुज ने दो और अरबाज़ ने एक गोल किया। श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के लिए विपिन नांदल, विभांशु तिवारी और इंदर पाल ने एक-एक गोल किया। विपिन नांदल ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता।

## बांग्लादेश के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर की मजेबानी करेगा शिलांग

नई दिल्ली, 11 फरवरी। मेघालय के शिलांग में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मार्च फीफा इंटरनेशनल विंडो के दौरान खेले जाने वाले दो मैचों में भारत की सीनियर पुरुष टीम की मेजबानी करेगा। भारतीय 25 मार्च को बांग्लादेश के खिलाफ अपने एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि इससे पहले भारतीय टीम 19 मार्च को जेएलएन स्टेडियम, शिलांग में अपनी तैयारी के हिस्से के रूप में मालदीव के खिलाफ एक अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में भारत को हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। टीमें मार्च 2026 तक दो बार एक-दूसरे से खेलेंगी। ग्रुप विजेता एशियाई कप टूर्नामेंट में जगह बनाएंगे। पिछले साल स्टेडियम के नवीनीकरण के बाद यह पहली बार है कि जेएलएन शिलांग में सीनियर पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे।

## इंग्लैंड को बड़ा झटका, चैम्पियंस ट्रॉफी से हुए बाहर जैकब बेथेल

नई दिल्ली, 11 फरवरी। इंग्लैंड क्रिकेट टीम की मुश्किले कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले भारत के लिए टी20 सीरीज गंवाना और फिर 3 मैचों की वनडे सीरीज में भी हार झेलना और अब टीम का युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल 2025 चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने खुद इसकी जानकारी दी। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक जैकब बेथेल के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है। हालांकि, भारत के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए बेथेल के कवर के रूप में टॉ बैंटन को बुलाया गया है। बैंटन सिर्फ भारत के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए बेथेल के रिप्लेसमेंट हैं। बोर्ड ने अभी चैंपियंस ट्रॉफी में उनके रिप्लेसमेंट का एलान नहीं किया है।

21 वर्षीय के जैकब बेथेल ने भारत के खिलाफ पहले वनडे में बेहतरीन अर्धशतक लगाया था और गेंदबाजी में एक विकेट भी लिया था। इसके बाद चोटिल होने के कारण से दूसरे वनडे में नहीं खेले थे। दूसरे वनडे में हार के बाद जोस बटलर ने बताया कि बेथेल चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे।

## नॉरी ने डेलरे बीच ओपन में स्वज्दा को हराया

फ्लोरिडा सिटी, 11 फरवरी। ब्रिटिश नंबर दो कैमरून नोरी ने अमेरिकी ज़ाचरी स्वज्दा को सीधे सेटों में हराकर डेलरे बीच ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 के विजेता नोरी को दुनिया के 169वें नंबर के खिलाड़ी पर 7-5 6-4 से जीत हासिल करने के लिए 90 मिनट का समय लगा। फ्लोरिडा में गर्म और आर्द्र परिस्थितियों में खेले गए कड़े पहले सेट में खिलाड़ियों ने सर्विस ब्रेक का आदान-प्रदान किया। लाइन पर एक शक्तिशाली फोरहैंड ने नोरी को महत्वपूर्ण दूसरा ब्रेक दिया।

## मुंबई ने हरियाणा को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह, शार्दुल ठाकुर का बेहतरीन प्रदर्शन





नई दिल्ली, 11 फरवरी। रणजी ट्रॉफी 2025 को दूसरा सेमीफाइनलिस्ट मिल गया है। दरअसल, टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल 3 में मंगलवार को डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई ने हरिणाया को 153 रन से रौंध दिया। इस जीत के साथ मुंबई ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। फास्ट गेंदबाज ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर और कप्तान अजिंक्या रहाणे ने मुंबई की इस जीत के अहम भूमिका निभाई।पहली पारी में 315 रन बनाने वाली मुंबई ने दूसरी पारी में 339 रन बनाए। हरियाणा को 354 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में हरियाणा की टीम 201 रनों पर सिमट गई।

मुंबई के लिए दूसरी पारी में रॉयस्टन डायस ने सबसे ज्यादा 5 विकेट बनाए। पहली पारी में 6 विकेट लेने वाले शार्दुल ठाकुर ने दूसरी पारी में 3 विकेट लिए। उन्होंने कुल 9 विकेट झटके।मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे पहली पारी में अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए थे। उन्होंने 31 रन बनाए थे। दूसरी पारी में उन्होंने 108 रन बनाए। इसके अलावा भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 70 रन की पारी खेली। शिवम दुबे ने 48 रन बनाए। मुंबई ने 339 रन का बड़ा स्कोर बनाया।लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा की शुरुआत अच्छी नहीं रही। लक्ष्य दलाल 64 और सुमित कुमार 62 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज नहीं टिका। 7 बल्लेबाज दहाई का आकंड़ा नहीं छू पाए। मुंबई के लिए रॉयस्टन डायस ने 5, शार्दुल ठाकुर ने 3 और तनुष कोटियान ने 2 विकेट झटके।



## जयपुर क्लब ने सुराणा क्रिकेट एकेडमी को 92 रनों से हराया

जयपुर, 11 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित के एल सैनी ए डिविजन लीग में आज खेले गए मैच में जयपुर क्लब ने सुराणा क्रिकेट एकेडमी को 92 रनों से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर जयपुर क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विवेक सैनी के 36 रन, केशव डीडवानिया के 83 रन, मोहम्मद खूबेब के 35 रन, कुशाग्र ओझा के 81 रन, गौरव मीणा के 25 रन से 49.2 ओवर में 300 रन बनाए। सुराणा क्रिकेट एकेडमी के लिए विकास जारवाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 52 पर 5, अभिषेक यादव ने 51 पर 2, प्रशांत यादव व भावित कुमावत ने 1-1 विकेट लिया। जवाबी पारी में सुराणा क्रिकेट एकेडमी की टीम अनिल सैनी के 43 रन, प्रशान्त यादव के 19 रन, अभिषेक यादव के 60 रन, शुभम शर्मा के 26 रन, विकास झरवाल के 21 रनों से 39.5 ओवर में 208 रनों पर सिमट गई। जयपुर क्लब के लिए मोहम्मद खूबेब ने 56 पर 3, गौरव मीणा ने 26 पर 2, विनय मीणा, लोहित केवलिया, सैयद सफ़ान व कुशाग्र ओझा ने 1-1 विकेट लिया।

## जिम्नास्टिक स्पर्धा : महाराष्ट्र व सर्विसेज ने जीते स्वर्ण

देहरादून, 11 फरवरी। उत्तराखंड में जारी 38वें राष्ट्रीय खेल की जिम्नास्टिक स्पर्धा के तीसरे दिन सोमवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस दिन रिदमिक और मेंस आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीनियर वर्ग की रिदमिक जिम्नास्टिक टीम फाइनल में महाराष्ट्र की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की टीम ने कुल 239.05 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया।

## लॉन टेनिस : इशक, वैदेही व लोहित-लक्ष्मी प्रभा ने जीते स्वर्ण पदक

देहरादून, 11 फरवरी। उत्तराखंड के देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित टेनिस कोर्ट में 38वें राष्ट्रीय खेल की लॉन टेनिस स्पर्धा के सातवें और अंतिम दिन मंगलवार को रोमांचक फाइनल मुकाबले हुए। मिश्रित युगल, पुरुष एकल और महिला एकल के फाइनल में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहां तमिलनाडु, सर्विसेज और गुजरात ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। मिश्रित युगल फाइनल में तमिलनाडु की जोड़ी लोहित अक्ष बद्रीनाथ और लक्ष्मी प्रभा अरुण कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक के निक्की के पूनाचा और सोहा सादिक को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ तमिलनाडु ने टेनिस स्पर्धा में अपना दबदबा कायम रखा।

## शेफाली काफी अच्छी लय में है, उम्मीद है कि वह इसे डब्ल्यूपीएल में जारी रखेगी : मेग लैनिंग





नई दिल्ली, 11 फरवरी। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने उम्मीद जताई कि भारत की विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा घरेलू क्रिकेट की अपनी शानदार फॉर्म को शुक्रवार से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के तीसरे सत्र में भी बरकरार रखेगी। नवंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहीं शेफाली ने हाल में घरेलू मुकाबलों में हरियाणा की ओर से शानदार प्रदर्शन किया जिससे संकेत मिलते हैं कि उन्होंने लय हासिल कर ली है। लैनिंग ने दिल्ली कैपिटल्स की सत्र पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''ऐसा लग रहा है कि वह काफी अच्छी लय में है और अपने खेल का लुत्फ उठा रही है जो मुझे लगता है कि काफी महत्वपूर्ण है। मेरे लिए उसे आजादी से खेलते हुए देखना, खुद को अभिव्यक्त करते हुए देखना शानदार है।

## कृष्णा एकेडमी की जीत में दर्शन जैन शतक से चूके

जयपुर, 11 फरवरी। चंबल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित 4 नन्हें खा मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में आज खेले गए मैच में संस्कार ग्राउंड पर कृष्णा एकेडमी ने सिग्नेचर एकेडमी को 4 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिग्नेचर एकेडमी ने 40 ओवर में 241 रन बनाए। शोएब खान 47, राम शर्मा 59 रन बनाए। कृष्णा एकेडमी की ओर से दीक्षित भाटी ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कृष्णा एकेडमी ने सलामी बल्लेबाज दर्शन जैन ने 96 रन बनाए। राहुल शर्मा 72 ऋणों के सहयोग से 26 ओवर में 242 रन बनाकर जीत दर्ज की। सिग्नेचर एकेडमी की ओर से देव नरेंद्र यादव ने 3 विकेट लिए। कल का मैच भदौरिया एकेडमी बनाम कृष्णा एकेडमी के बीच खेला जाएगा।

## सी.के. नायडू ट्रॉफी राजस्थान-महाराष्ट्र, क्वार्टरफाइनल मैच में 464 का स्कोर

जयपुर, 11 फरवरी। बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी के पुणे में खेले जा रहे राजस्थान-महाराष्ट्र क्वाटर फाइनल मैच के दूसरे दिन का महाराष्ट्र ने अपनी पहली पारी में 464 रनो का स्कोर बनाया। टीम के लिए अनिरुद्ध सबले 115, विक्की ओस्टवाल नाबाद 108, एस एस दास 50, साहिल 53, क्षिजीत 50 रनो का योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज मोहित चांगरा 120/4 , चेतन शर्मा 63/3, आयुष अमेरिया 73/2 विकेट प्राप्त किए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 51 रन बना लिए थे। टीम के लिए सुमित गोदारा 24 व करण लाम्बा 20 रनो का योगदान दिया।

## गौतम गंभीर की कोचिंग स्टाइल से नाखुश नहीं हैं जहीर खान



नई दिल्ली, 11 फरवरी। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर की कोचिंग पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, ये पहले ही माना जा रहा था कि अगर गौतम गंभीर हेड कोच बनते हैं तो तीनों फॉर्मेट में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। बहरहाल, अब पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान ने गौतम गंभीर पर बड़ा बयान दिया है। जहीर खान का मानना है कि अधिक बदलाव और फ्लेक्सिबिलिटी के चक्कर में टीम में असुरक्षा का भाव आएगा। साथ ही ये टीम को नुकसान पहुंच सकता है।

जहीर खान ने कहा कि अगर आप टीम में बदलाव के सय कुछ नियमों की अनदेखी करते हैं तो मुख्य खिलाड़ियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है। आपने कहा कि आपके पास लचीलापन होना चाहिए, नंबर एक और दो तय रहेंगे, लेकिन बाकी लचीले होंगे। जहीरने कहाकि अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको नियमों के दायरे में रहना होगा। कुछ प्रोटोकॉल हैं जिनका पालन करना होता है। साथ ही कुछ बातचीत होनी चाहिए, जिससे चीजें बेहतर हों। अगर ऐसा नहीं होता तो आप असुरक्षा पैदा कर रहे हैं, जो आगे चलकर टीम के हित में नहीं होगा।

इसके अलावा जहीर ने राहुल द्रविड़ और गौतम गंभीर की कोचिंग स्टाइल पर बात रखी। जहीर ने कहा कि अगर आप राहुल द्रविड़ और गौतम गंभीर के मानसिकता की तुलना करें तो ये स्थिति सामान्य नहीं है। ये तो समय ही बताएगा कि गौतम गंभीर के नए प्रयोग से भारतीय टीम को नफा होता है या नुकसान।

**जयपुर पोलो सीजन 2025 : रैफल्स सिरमोर कप**

## विमल अचीवर्स ने अरावली पोलो को, जयपुर यूएसपीए और जिंदल पैंथर्स का मैच ड्रॉ



जयपुर, 11 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, रैफल्स सिरमोर कप (12 गोल) में आज दो मैच खेले गए। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर दोपहर1 बजे विमल अरियन अचीवर्स और अरावली पोलो के बीच मैच खेला गया, जिसमें विमल अरियन अचीवर्स ने अरावली पोलो को 5-6 से हराया। विमल अरियन अचीवर्स की ओर से अभिमन्यु पाठक, डेनियल ने 1-1 और बटिस्टा ने 3 गोल किये। अरावली पोलो की ओर से मनोलो ओर फेडरिको ने 3-3 गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई।

दूसरा मैच दोपहर 3 बजे पीपीसी ग्राउंड पर जयपुर यूएसपीए ओर जिंदल पैंथर्स के बीच मैच खेला गया जिसमे जयपुर यूएसपीए व जिंदल पैंथर्स 5-5 गोल से बराबरी पर रही। जयपुर यूएसपीए की ओर से निकोलस ने 2, महाराज पदमनाभ सिंह ने अपनी टीम के लिये बेहतरीन खेल खेलते हुए 3 गोल किये पर टीम को जीत नही दिला पाए। जिंदल पैंथर्स की ओर से वैंकटेश ने 1, सिद्धांत शर्मा और सिमरन शेरगिल ने 2-2 गोल किये। सिद्धांत शर्मा के चौथे चक्कर के 6.10 मिनट पर गोल करने के कारण मैच ड्रा हो गया। 12 फरवरी को पहला मैच पीपीसी पोलो ग्राउंड पर दोपहर 11.30 बजे डेल्टा/वी पोलो वर्सेज अरावली पोलो के बीच, दूसरा मैच शाम 3 बजे रामबाग पोलो ग्राउंड पर जयपुर यूएसपीए वर्सेज़ जिन्दल पैंथर्स के बीच खेला जाएगा।



## जैसलमेर मरू महोत्सव में कुश्ती का आगाज

जैसलमेर, 11 फरवरी। जैसलमेर में चल रहे राजस्थान के प्रसिद्ध सांस्कृतिक उत्सव मरू महोत्सव में मंगलवार को कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहली बार इस महोत्सव में राजस्थान कुश्ती संघ के प्रदेश कुश्ती संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजीव दत्ता ने कहा कि कुश्ती में खिलाड़ियो को प्रोत्साहित करने के लिए राजस्थान कुश्ती संघ द्वारा भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान के खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर 1 लाख, सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर 51 हजार और कांस्य पदक प्राप्त करने पर 31 हजार रुपए दिए जाएंगे इस पारंपरिक खेल को शामिल किया गया है। कुश्ती के इस आयोजन में राज्य के विभिन्न जिले से आयें अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पहलवानों ने भाग लिया, बल्कि विदेशी मेहमानों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया के सैम मिथ और फ्रांस के श्याम ने भी अखाड़े में उतरकर दांव-पेंच आजमाए। यह दृश्य देख दर्शकों में जबरदस्त उत्साह भर गया और उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि पर धानक्या में आयोजित प्रार्थना सभा में उनके स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल छीपा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# 'डॉ. किरोड़ी के नोटिस पर मीडिया ट्रायल नहीं करें'

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा, यह संगठन परिवार का आंतरिक मामला है

- मदन राठौड़ ने कहा, हर राजनीतिक संगठन के भीतर कुछ मुद्दे उभरते हैं, जिन्हें संगठन के सिद्धांतों और मूल्यों के आधार पर सुलझाया जाता है।
- उन्होंने कहा, मंत्री किरोड़ी लाल के समर्थकों का कहीं भी कोई उग्र प्रदर्शन नहीं है। हमारे कार्यकर्ता हमेशा अनुशासन व मर्यादा का पालन करते हैं।

जयपुर,11 फरवरी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नई दिल्ली में अपने आवास पर मीडिया से वार्ता करते हुए मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को दिए गए नोटिस पर प्रतिक्रिया दी। राठौड़ ने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढ़ांचा बेहद सशक्त और अनुशासित है। पार्टी हमेशा समय-समय पर उचित निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध रहती है। संगठन को किसी मुद्दे पर ध्यान देने की आवश्यकता महसूस होती है तो पार्टी उसकी समीक्षा करके उचित कदम भी उठाती है। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि संगठन में समुचित व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इससे संगठन एकजुट, अनुशासित और स्थिर रहने के साथ अपने उद्देश्यों की पूर्ति कर पाता है।

मदन राठौड़ ने कहा कि यह मामला पूरी तरह से संगठन परिवार का आंतरिक मुद्दा है, इसे परिवार के भीतर ही सुलझाने की प्रक्रिया जारी है। राठौड़ ने इस मामले में मीडिया ट्रायल न करने का अनुरोध करते हुए कहा कि हर राजनीतिक संगठन के भीतर कुछ मुद्दे उभरते हैं, जिन्हें संगठन के सिद्धातों और मूल्यों के आधार पर सुलझाया जाता है। भाजपा कार्यकर्ताओं का एक परिवार है। इस संगठन में भी परिवार की तरह समय-समय पर संवाद तथा मार्ग दर्शन की आवश्यकता होती है।

मदन राठौड़ ने किरोड़ी लाल मीणा के समर्थकों के उग्र प्रदर्शन के सवाल पर कहा कि कहीं भी ऐसा कोई उग्र प्रदर्शन नहीं है, न ही इसकी कोई आवश्यकता है। हमारे समर्थक हमेशा संगठन के अनुशासन और मर्यादा का पालन करते हैं। भाजपा के समर्थक पार्टी के सच्चे हितैषी हैं और किसी भी प्रकार की अनियमितता में विश्वास नहीं रखते हैं, हम सब एकजुट हैं।

मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता और समर्थक राष्ट्रिहत में समर्पित है।

हमारा पहला कर्तव्य है कि हम अनुशासन और निष्ठा के साथ काम करें, ताकि हम प्रदेश के साथ देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें। पार्टी के अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं और इन्हीं के बल पर हम आगे बढ़ ते रहेंगे।

## कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास आई.ई.डी. धमाका

जम्मू, 11 फरवरी। जम्मू के निकट अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास मंगलवार को हुए शक्तिशाली आईईडी विस्फोट होने से सेना के एक कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मी शहीद हो गए और एक अन्य जवान घायल हो गया। सेना ने विस्फोट में मारे गए लोगों की पुष्टि की और कहा कि तलाशी अभियान जारी है।

इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि सैनिक गश्त कर रहे थे, तभी भट्टल क्षेत्र में एक अग्रिम चौकी के पास दोपहर करीब 3:50 बजे शक्तिशाली विस्फोट हुआ।

- हादसे में दो जवानों के शहीद होने व एक के घायल होने की जानकारी मिली है।

घायल कर्मियों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कैप्टन समेत दो की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अन्य घायल सैनिक की हालत "खतरे से बाहर" है। सेना की जम्मू स्थित वाइट नाइट कोर इकाई ने दोनों सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया।

अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद ही पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। साथ ही उन्होंने बताया कि घायल सैनिक को अस्पताल ले जाया गया है तथा उसकी हालत गंभीर बताई गई है।

# दोषी नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध हो?

## सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार व चुनाव आयोग से 3 हफ्ते में जवाब देने को कहा

- सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी की कि क्लास 4 का कर्मचारी गंभीर अपराध में दोषी पाये जाने के बाद अपनी नौकरी वापस नहीं जा सकता, लेकिन दोषी नेता वापस सांसद/विधायक और मंत्री भी बन सकता है। हम जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 की जाँच करेंगे।

नई दिल्ली, 11 फरवरी। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर राजनीति में भाग लेने पर प्रतिबंधित लगाने की मांग वाली याचिका पर 4 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। क्या दोषी सांसदों और विधायकों पर चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध हो? इस पर सुप्रीम कोर्ट परीक्षण करने के लिए तैयार हो गया है और केंद्र और चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। इस मामले पर4 मार्च को सुनवाई होगी। मामले को सुनवाई के लिए तीन जजों की बैंच को भेजा गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि एक सरकारी कर्मचारी जैसे कि क्लास 4 कर्मचारी एक बार हत्या या बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में दोषी साबित हो जाए तो वह अपनी नौकरी वापस नहीं पा सकता, लेकिन एक सांसद/विधायक एक बार फिर सांसद या विधायक बन सकता है और मंत्री भी बन सकता है। हम जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 की जांच करेंगे।

दरअसल याचिका में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को राजनीति में भाग लेने पर प्रतिबंधित करने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान निचली अदालतों में एमपी/एम एल ए कोर्ट में सुनवाई की रफ्तार धीमी होने पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई। जस्टिस मनमोहन ने कहा कि दिल्ली की निचली अदालतों में उन्होंने देखा है कि एक या दो मामले लगाए जाते हैं और जज 11 बजे तक अपने चैंबर मे चले जाते हैं।

न्यायमित्र विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि देश के दूसरे राज्यों मे बार बार सुनवाई टाल दी जाती है और सुनवाई टालने का कारण भी नहीं बताया जाता।सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि बहुत से ऐसे राज्य हैं जहां अबतक एमपी/एम एल ए कोर्ट गठित नहीं किए गए हैं। हंसारिया ने कोर्ट को सुझाव दिया कि क्या चुनाव आयोग ऐसा नियम नहीं बना सकता कि राजनीतिक पार्टियां गंभीर अपराध मे सजा पाए लोगों को पार्टी पदाधिकारी नहीं नियुक्त कर सकती।

भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने ये याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि वे स्वच्छ छवि वाले लोगों को क्यों नहीं ढ़ूंढ पा रहे हैं। दलील ये दी जाती है कि आरोपी एक सामाजिक कार्यकर्ता है जिसके खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए हैं।

फिलहाल आपराधिक मामलों में दो साल या उससे अधिक की सज़ा होने पर सज़ा की अवधि पूरी होने के 6 साल बाद तक चुनाव लड़ने पर ही रोक है।

## 'आरपीएससी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर ईडी को पक्षकार बनाने की गुहार की गई। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि एएसजी ने गत सुनवाई को मामले में ईडी की ओर से प्रकरण दर्ज करने की बात कही है। ऐसे में ईडी को भी सुना जाना जरूरी है। इसलिए ईडी को पक्षकार बनाया जाए। अदालत ने याचिकाकर्ता के इस प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया। अदालत ने एडीजी वीके सिंह से पूछा कि उन्होंने भर्ती को रद्द करने की सिफारिश की थी। एसओजी का काम आपराधिक मामले में अनुसंधान करना है न कि राय देना। ऐसे में वे बताएं कि उन्हें सिफारिश देने के लिए किसने कहा था। इस पर एडीजी ने कहा कि यह उन्होंने अपने स्तर पर ही किया था।

## 'ईवीएम का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

का विवाद नहीं है। अगर चुनाव हारने वाले उम्मीदवार को शंका हो कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ हो सकती है, तो इंजीनियर से स्पष्ट किया जा सकता है कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है या नहीं। शीर्ष कोर्ट, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), हरियाणा और कांग्रेस नेताओं के एक समूह की ओर से दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाओं में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग ईवीमए के बर्न किए गए माइक्रो कंट्रोलर मेमोरी की जांच करवाए।

और यह सुनिश्चित किया जाए कि ईवीएम में किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं हुई। मामले पर अगली सुनवाई तीन मार्च से शुरू होगी।

## कोटा: एक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गया है। घटना की सूचना छात्र के परिजनों को दी गई और उनके आने के बाद पोस्टमार्टम और अन्य कार्रवाई करके शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## अमेरिका के विदेशी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बनाते हैं। अमेरिका द्वारा लगाई गई एकतरफा शुल्क वृद्धि इन नियमों का स्पष्ट उल्लंघन करती है। डब्ल्यू.टी.ओ. द्वारा ऐसी उल्लंघनों को निर्णायक रूप से संबोधित करना आवश्यक है, ताकि इसकी विश्वसनीयता और प्रासंगिकता बनी रहे। एक मजबूत और प्रभावी प्रतिक्रिया तनाव को कम करने, वैश्विक व्यापार प्रणाली में विश्वास को बहाल करने और सहयोग को प्राथमिकता देने की आवश्यकता की फिर से पुष्टि कर सकती है।

हालाँकि, डब्ल्यू.टी.ओ. के समय अपनी स्वयं की चुनौतियाँ हैं, विशेष रूप से विवाद निपटाने में। अमेरिका द्वारा नए सदस्य नियुक्तियों को मंजूरी देने से इंकार करने से इसकी अपैलेट बॉडी ठप्प हो गई है। इससे डब्ल्यू.टी.ओ. की कार्यक्षमता कमजोर हो गई है। इस विघटन के बावजूद, डब्ल्यू.टी.ओ. एकमात्र वैश्विक मंच बना हुआ है, जो व्यापार विवादों को हल करने के लिए पारदर्शी, निष्पक्ष और नियम आधारित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है

लेख का दावा है कि डब्ल्यू.टी.ओ. के नियमों का चीन द्वारा पालन करने से जाहिर है कि वह अमेरिका की एकतरफा नीति का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध है। बहुपक्षीय तंत्र का उपयोग करके, चीन सहयोग को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करता है। इसके विपरीत, अमेरिका की संरक्षणवादी कार्रवाइयाँ वैश्विक प्रयासों से अधिक असंगत होती जा रही हैं। जो आपसी लाभकारी परिणाम प्राप्त करने के लिए की जा रही हैं। इस उतार-चढ़ाव भरे व्यापार परिदृश्य में, यह आवश्यक है कि सभी देश डब्ल्यू.टी.ओ. के साथ खड़े हों। देशों को स्थापित नियमों को नजरअंदाज करने और एकतरफा कार्य करने की अनुमति देना केवल विखंडन, अस्थिरता और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक नुकसान का कारण बनेगा। डब्ल्यू.टी.ओ. के प्राधिकरण का सम्मान करना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि एक स्थिर, पूर्वानुमानित और निष्पक्ष अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रणाली बनी रहे।

# 'फिलिस्तीनियों को वापस गाज़ा पट्टी लौटने का अधिकार नहीं होगा'

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के विवादास्पद बयान का कई देश के नेताओं ने विरोध किया

- ट्रम्प की टिप्पणी उनके सहयोगियों के बयानों से विपरीत है। वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन लैविट ने पिछले सप्ताह कहा था कि गाज़ा के लोगों को केवल अस्थायी रुप से स्थानांतरित किया जाएगा।

वाशिंगटन, 11 फरवरी। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रम्प ने एक विवादित बयान में कहा है कि फिलिस्तीनी लोगों को गाजा पट्टी से विस्थापित किए जाने के बाद वहां वापस लौटने का अधिकार नहीं होगा। ट्रम्प ने 'फॉक्स न्यूज' को दिए एक साक्षात्कार में सोमवार कहा कि गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के बाद फिलिस्तीनी लोगों को वहां वापस नहीं आने दिया जाएगा।

ट्रम्प के इस बयान का फिलिस्तीनी नेताओं और अन्य देशों के नेताओं ने विरोध किया है। जॉर्डन और मिस्त्र के नेताओं ने ट्रम्प के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि वे फिलिस्तीनी शरणार्थियों को अपने देश में शरण देने के लिए तैयार नहीं हैं।जब ट्रम्प से पूछा गया कि गाजा में रहने वाले फिलिस्तीनी, जिन्हें उनके प्रस्ताव के तहत जबरन विस्थापित किया जाएगा ताकि एन्क्लेव के पुनर्निर्माण के लिए जगह बनाई जा सके, क्या उन्हें वापसी का अधिकार मिलेगा, तो उन्होंने कहा, "नहीं, वे ऐसा नहीं करेंगे।"

राष्ट्रपति की यह टिप्पणी उनके सहयोगियों के बयानों के विपरीत है, जिनमें वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन लेविट भी शामिल हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि गाजा के लोगों को केवल अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया जाएगा।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रूबियो ने भी गुरुवार को पत्रकारों से कहा, "जब तक गाजा का पुनर्निर्माण हो रहा है, तब तक लोगों को कहीं और रहना होगा।"

यह पूछने पर कि लगभग 20 लाख गाज़ावासी कहां जाएंगे, इस पर ट्रम्प ने कहा, "मुझे लगता है कि मैं जॉर्डन और मिस्त्र के साथ एक समझौता कर सकता हूं।"

जॉर्डन और मिस्त्र, फिलिस्तीन के पड़ोसी देश हैं।ट्रम्प ने खुलकर दोनों देशों से गाजा के फिलिस्तीनियों को शरण देने का आग्रह किया है। राष्ट्रपति ने कल अपने ओवल कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि यदि इन देशों ने उनकी मांग मानने से इनकार किया, तो वह संभावित रूप से उनकी सहायता रोक सकते हैं।

फिलहाल, जॉर्डन और मिस्त्र, जो पहले से ही बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी शरणार्थियों को शरण दिए हुए हैं, के नेताओं ने ट्रम्प की यह मांग खारिज कर दी है।

## बस कंडक्टर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर था। वह 10 जनवरी 2025को एसएमएस अस्पताल से सुबह बस लेकर कानोता की ओर चला। इस दौरान उसने एक यात्री को ईटीआईएम मशीन से कानोता का टिकट निकालकर दे दिया। करीब 10.55 पर उसने सवारियों को कानोता बस स्टैंड पर उतार दिया और हीरावाला व नायला सहित अन्य जगह पर जाने वाली सवारियां चढ़ ईं। टिकट गिनती करने पर एक सवारी ज्यादा पाई गईं। टिकट चैक करने पर परिवादी एक यात्री के पास पहुंचा और पूछा कि उन्होंने कहां की टिकट ली है। जिस पर यात्री ने अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा, कि तूने कानोता की टिकट दी है, मुझे कानोता जाना है। जिस पर परिवादी ने कहा कि कानोता पीछे रह गया है, वे चाहें तो अब उतर जाएं, लेकिन यात्री ने कहा कि वह बस को वापस मोड़े व उसे कानोता उतारे। इस पर उसने यात्री को नायला की टिकट निकालकर उससे दस रुपए मांगे। यात्री ने दस रुपए देने से मना कर दिया और कहा कि वह उसे सस्पेंड करवा देगा और परिवादी के थप्पड़ मार दिया। अदालत से मांग की गई कि यात्री ने राजकार्य में बाधा पहुंचाई है, इसलिए यात्री के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जाए। कोर्ट ने पुलिस थाने को मामला दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया।

# 'अब आप "अपनी ठंडी कोल्ड ड्रिंक"...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हर साल दुनिया के महासागरों में लाखों टन प्लास्टिक कचरा प्रवेश करता है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने प्लास्टिक स्ट्रॉ से दूरी बना ली है और प्लास्टिक के उपयोग को घटाने को अपने सस्टेनबिलिटी लक्ष्य का हिस्सा बना लिया है, जिससे ट्रम्प का निर्णय व्यापार जगत में एक अपवाद बन गया है।

ट्रम्प, जिन्होंने लंबे समय से कागज़ के स्ट्रॉ के खिलाफ आवाज उठाई है, और जिनके 2019 के रीइलैक्शन अभियान में ट्रंप-ब्रांड के रीयूज़ेबल प्लास्टिक स्ट्रॉ का 10 का पैक 15 डॉलर में बेचा गया था, के इस कदम ने बाइडन प्रशासन की एक नीति को लक्ष्य बनाया है, जिसका उद्देश्य 2027 तक संघीय खरीद से सिंगल यूज़ प्लास्टिक, जिनमें स्ट्रॉ भी शामिल हैं, को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना है, और 2035 तक सभी संघीय संचालन से इसे समाप्त करना है।

सप्ताहांत में ट्रंप ने अपनी ट्रूथ सोशल साइट पर कहा, "अपनी अगली ड्रिंक का उस स्ट्रॉ के बिना आनंद लें जो आपके मुंह में घुल जाता है।" इस पोस्ट में उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की नीति को 'मृत' घोषित किया।

पर्यावरण समूह ओसीआना की प्लास्टिक अभियान निदेशक क्रिस्टी लैविट ने कहा, "ट्रंप का आदेश समाधान ढूंढने से ज्यादा संदेश देने के बारे में है।" उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश अमेरिकी मतदाता, कंपनियों द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक पैकेजिंग को घटाने का समर्थन करते हैं।

लैविट ने कहा, "दुनिया प्लास्टिक प्रदूषण संकट का सामना कर रही है, और हम अब अपने महासागरों और ग्रह के सामने खड़े सबसे बड़े पर्यावरणीय खतरे को नज़रअंदाज नहीं कर सकते।"

प्लास्टिक प्रदूषण समुद्र की सतह पर, दूरदराज तटों पर, पिघलती हुई आर्कटिक सी आइस में और महासागर के तल की गहरी जगहों पर पाया गया है। लैविट ने कहा, "यह हर जगह है।"

प्लास्टिक उत्पादन उद्योग ने ट्रम्प के कदम की सराहना की है।

प्लास्टिक उद्योग संघ के अध्यक्ष और सीईओ मैट सीहोम ने कहा, "प्लास्टिक पर वापसी" एक आंदोलन है जिसे हमें सभी को समर्थन देना चाहिए।"

एडवोकेसी ग्रुप, स्ट्रॉज़ टर्टल आइलैंड रैस्टोरेशन नेटवर्क के अनुसार, अमेरिका में हर दिन 390 मिलियन से अधिक स्ट्रॉ का उपयोग किया जाता है, जो ज्यादातर 30 मिनट या उससे कम समय के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। स्ट्रॉ को विघटित होने में कम से कम 200 साल लगते हैं और जब ये माइक्रोप्लास्टिक्स में बदलते हैं, तो यह कछुओं और अन्य वन्य जीवन के लिए खतरे का कारण बनते हैं।

ग्रुप ने कहा, "एक और समुद्री कछुए को प्लास्टिक का शिकार बनने से रोकने के लिए, हमें इन प्रजातियों के अस्तित्व के लिए संघर्ष करने के लिए अपनी व्यक्तिगत जीवनशैली में बदलाव करना होगा।"

हर साल, दुनिया में 400 मिलियन टन से अधिक नया प्लास्टिक उत्पादन होता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, लगभग 40 प्रतिशत प्लास्टिक का उपयोग पैकेजिंग में किया जाता है।

वैश्विक स्तर पर, देश प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए एक संधि बना रहे हैं। पिछले साल दक्षिण कोरिया में कई देशों के नेताओं ने एक सप्ताह तक विचार विमर्श किया था लेकिन कोई समझौता नहीं हुआ। इस साल वार्ता फिर से शुरू होगी क्योंकि 100 से अधिक देश एक समझौता करना चाहते हैं, जो प्लास्टिक उत्पादन को सीमित करने के साथ-साथ सफाई और रीसायकलिंग पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

अमेरिका, चीन और जर्मनी वैश्विक प्लास्टिक व्यापार में सबसे बड़े खिलाड़ी हैं। अमेरिकी निर्माताओं ने ट्रम्प से संधि वार्ता में बने रहने और बाइडन की पहले की स्थिति पर लौटने की मांग की है, जिसका फोकस प्लास्टिक उत्पादों को रीडिज़ाइन करने तथा री सायकलिंग और रीयूज़ पर था।

## कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ बगावत

बेंगलुरू, 11 फरवरी। कर्नाटक में भाजपा अध्यक्ष बी.वाय. विजयेंद्र के खिलाफ राज्य के कुछ विधायकों और नेताओं ने असंतोष जाहिर करते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है। हालांकि, पार्टी हाईकमान ने उन्हें हटाने से इन्कार करते हुए विजयपुरा के विधायक को नोटिस जारी किया है। विजयेंद्र, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे हैं।

पार्टी हाईकमान ने शिकायत करने वाले नेताओं को फटकार लगाते हुए विजयेंद्र के खिलाफ शिकायतों पर कार्रवाई से इनकार किया है। पार्टी ने विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतमल को नोटिस जारी कर कहा कि आप अनुशासन भंग नहीं कर सकते। नोटिस का 72 घंटे में जवाब मांगा गया है। शिकायत करने वाले नेताओं की मांग है कि विजयेंद्र को पार्टी अध्यक्ष पद से हटाकर पूर्व सीएम और सांसद बसवराज बोम्मई को कमान दी जाए। ये नेता बोम्मई से मिलकर अपनी बात रख चुके हैं। हालांकि, बोम्मई ने पार्टी हाईकमान के फैसले के साथ रहने की बात कही है। सूत्रों के मुताबिक विजयेंद्र को हटाने की कवायद लोकसभा चुनाव के बाद से ही शुरू हो गई थी। हालांकि, पार्टी ने इस पर अब जाकर ध्यान दिया और शिकायत करने वालों को ही नोटिस जारी कर दिया।

- असंतुष्टों ने विजयेन्द्र को हटाकर बसवराज बोम्मई को अध्यक्ष बनाने की मांग की है।

## केजरीवाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निशाना बनाया है। हालांकि आप सरकार विधानसभा में संख्याओं के हिसाब से आरामदायक स्थिति में है पर कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बजवा ने दावा किया कि 30 आप विधायक कांग्रेस में शामिल होने के लिए तैयार हैं। आज दिल्ली में आप विधायकों की बैठक के बाद कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि यह घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि आप जल्द ही टूटने वाली है। भाजपा नेताओं ने यह भी सवाल उठाया कि आप ने पंजाब इकाई की बैठक क्यों बुलाई, जबकि उन्हें दिल्ली में हार पर चर्चा करनी चाहिए थी।

मान को पार्टी के भीतर असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन उनका अपनी उपलब्धियों के बारे में कुछ कहा है: उन्होंने 600 यूनिट मुफ्त बिजली देने और 881 मोहल्ला क्लिनिक और 118 स्कूल स्थापित करने के साथ-साथ 50,000 सरकारी नौकरियां देने की बात की है। नकारात्मक पक्ष की बात करें तो मान सरकार ने महिलाओं को 1000 रुपये देने के वादे को अब तक पूरा नहीं किया है।इस बीच, अटकलें हैं कि केजरीवाल राज्यसभा में एंट्री के लिए पार्टी के पंजाब से सात सांसदों में से किसी एक को हटवाकर यह अवसर प्राप्त करेंगे। दिल्ली से उच्च सदन में एंट्री करना जोखिम भरा हो सकता है, क्योंकि दिल्ली विधानसभा में पार्टी के सदस्य कम हैं।

# प्र.मंत्री मोदी ट्रम्प को क्या "रिटर्न ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसे अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाया गया था, जिनसे अडानी समूह ने परियोजना के लिए अरबों डॉलर जुटाए थे, अभियोजकों ने पिछले साल एफ.सी.पी.ए. का हवाला देते हुए आरोप लगाया था, यह कानून अमेरिकी निवेशकों या बाजारों से जुड़े मामलों में विदेशी भ्रष्टाचार के आरोपों की जाँच के लिए अनुमति देता है।

रोक और समीक्षा के आदेश अडानी समूह के लिए राहत के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन यह देखना बाकी है कि छह महीने की समीक्षा अवधि के बाद अमेरिकी न्याय विभाग क्या निर्णय लेता है।

ट्रम्प के आदेश में कहा गया, 'एटॉर्नी जनरल एफ.सी.पी.ए. के तहत हो रही जाँचों व कानूनी कार्यवाहियों की 180 दिन के भीतर समीक्षा करें।

आदेश कहता है, समीक्षा अवधि के दौरान, एटॉर्नी जनरल को कानून के तहत नई जाँच शुरु करने या कोई भी कार्यवाही करने पर तब तक रोक लगानी होगी, जब तक कि एटॉर्नी जनरल यह निर्धारित नहीं करते कि वह मामला अपवाद बनाया जाना चाहिए। साथ ही, यह "सभी मौजूदा जाँचों या प्रवर्तन कार्यों की विस्तार से समीक्षा करने और ऐसी मामलों के संबंध में उचित कार्रवाई करने का निर्देश देता है, ताकि उनके प्रवर्तन पर उचित सीमा बहाल की जा सके और राष्ट्रपति के विदेशी नीति प्राधिकारों को संरक्षित किया जा सके।"

आदेश के अनुसार, कानूनी जाँच और प्रवर्तन कार्य जो संशोधित दिशानिर्देशों या नीतियों के जारी होने के बाद शुरू या जारी किए जाते हैं, "ऐसी दिशानिर्देशों या नीतियों द्वारा शासित होंगे और उन्हें विशेष रूप से एटॉर्नी जनरल द्वारा अधिकृत किया जाना चाहिए।"

समीक्षित दिशानिर्देशों या नीतियों के जारी होने के बाद, एटॉर्नी जनरल यह निर्धारित करेंगे कि क्या एफ.सी.पी.ए. के तहत पूर्व में हुई अनुचित जाँचों व कानूनी कार्यवाहियों में अतिरिक्त काय्रवाही पर सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता है, और ऐसा है तो वे ऐसी उचित कार्रवाई करेंगे, यदि राष्ट्रपति की कार्रवाई आवश्यक हो, तो राष्ट्रपति से ऐसी कार्रवाई करने की सिफारिश करेंगे।

पिछले साल, न्याय विभाग ने नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एज़्र के एक पूर्व कार्यकारी पर आरोप लगाया था, यह कम्पनी अडानी के खिलाफ रिश्वतखोरी का केन्द्र बिन्दु है। न्याय विभाग ने एक आपराधिक आरोप पत्र भी जारी किया था।

हालाँकि, अडानी समूह ने इन आरोपों को निराधार करार दिया था, एज़्र ने कहा कि आरोपों में संदर्भित पूर्व कर्मचारी को कंपनी छोड़े हुए एक साल से ज्यादा हो गया है।

अलग से, आधा दर्जन अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों ने अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा किए गए 'संदिग्ध' निर्णयों के खिलाफ नए एटॉर्नी जनरल को पत्र लिखा है, जिसमें अडानी समूह के खिलाफ एक कथित रिश्वतखोरी घोटाले में जारी आरोप पत्र भी शामिल है, जो "भारत के साथ रिश्ते को खतरे में डालता है।"

लांस गुडेन, पैट फॉलन, माइक हैरिडोपोलोस, ब्रैंडन गिल, विलियम आर. टिम्मन्स और ब्रायन बैबिन ने 10 फरवरी को पैन बॉन्डी को पत्र लिखकर बाइडन के तहत न्याय विभाग द्वारा किए गए कुछ संदिग्ध निर्णयों पर ध्यान आकर्षित किया।

इनमें से कुछ मामले जानबूझ कर उठाए गए व कुछ को छोड़ दिया गया। अक्सर अमेरिका के घरेलू और विदेशी हितों के खिलाफ कार्रवाई करने से भारत जैसे करीबी सहयोगियों के साथ रिश्तों पर जोखिम बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा कि भारत दशकों से अमेरिका का एक महत्वपूर्ण सहयोगी रहा है। यह संबंध राजनीति, व्यापार और अर्थशाध से परे विकसित होकर दुनिया की दो सबसे बड़ी लोकतंत्रों के बीच एक निरंतर सामाजिक-सांस्कृतिक आदान-प्रदान में बदल गया है।

उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक साझेदारी और मित्रों के बीच निरंतर संवाद कुछ असावधान निर्णयों के कारण खतरे में पड़ गया है।

उन्होंने कहा, एक निर्णय अडानी समूह के खिलाफ एक मामला उठाना है। यह भारतीय कंपनी है, जिसके कार्यकारी भारत में स्थित हैं। यह मामला इस आरोप पर आधारित है कि इस कंपनी के सदस्यों ने भारत में भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने की तैयारी की थी, जो भी विशेष रूप से भारत में स्थित हैं।

मामले को सक्षम भारतीय अधिकारियों को सौंपने के बजाय, बाइडन के न्याय विभाग ने जाँच करने और कंपनी के लोगों पर आरोप लगाया। जबकि अमेरिकी हितों को कोई वास्तविक नुकसान नहीं हुआ।

न्याय विभाग द्वारा जानबूझ कर चुने हुए लोगों को निशाना बनाने के संभावित परिणामों को जानते हुए, एक दूसरी नजर डालने की आवश्यकता है, उन्होंने लिखा कि इस निर्णय के पीछे के वास्तविक विचारों को जानना यह पता लगाने में एक बड़ा कदम होगा कि क्या पिछले प्रशासन को बाहर की संस्थाओं से प्रभावित किया गया था।

हम आपसे बाइडन सरकार के अधीन न्याय विभाग के आचरण की जाँच करने का अनुरोध करते हैं और इस मामले से संबंधित सभी रिकॉर्डों को हमारे साथ साझा करने की माँग करते हैं, ताकि सत्य को उजागर करने के लिए एक समन्वित प्रयास किया जा सके।

## पॉक्सो कोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फोन कर बताया कि अजय उसे ट्यूशन की जगह दिखाने के लिए पास के सरकारी स्कूल में बुला रहा है। जब पीड़िता वहां गई तो अभियुक्त उसे पास के एक बंद मकान में ले गया और उसके साथ अश्लीलता की। घर आकर पीड़िता ने फोन करके मां को फौरन घर बुलाया और उसे घटना की जानकारी दी।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि नाबालिग की मां ने मॉडलिंग के लिए अपने कुछ फोटो उसे दिए थे, लेकिन बाज़ार में फोटो के बदले किसी ने रुपए नहीं दिए। इसके नाराज होकर अपनी बेटी के जरिए उसने उसे फंसाया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908